
MPHIN/2021/83938



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 47 | ग्वालियर, 26 दिसम्बर सोमवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

# हुकुमचंद मिल मजदूरों के खाते में बकाया 228 करोड़ रुपये ट्रांसफर, इस खास मौके पर क्या बोले पीएम मोदी?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज इंदौर में आयोजित मजदूरों के हित को समर्पित कार्यक्रम में शामिल हुए जहां उन्होंने अपनी भावनाएं श्रमिकों के सामने प्रकट की. इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से मजदूरों के खाते में हुकुमचंद मिल का बकाया पैसा 228 करोड़ रुपए भी ट्रांसफर किया. यह पहली किस्त ट्रांसफर की गई है. इसके बाद भी आगे पैसा ट्रांसफर किया जाएगा. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर के श्रमिकों से क्या कहा आइये जानते हैं.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत श्रमिकों के संबोधन के साथ की. उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम हमारे श्रमिक भाइयों और बहनों की वर्षों की तपस्या उनके कई वर्षों के सपनों और संकल्पों का परिणाम है और मुझे खुशी है. नई सरकार नए मुख्यमंत्री को सभी का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा. पीएम मोदी ने कहा कि गरीब का आशीर्वाद और उनका प्यार क्या कमाल कर सकता है कि मैं अच्छी तरह जानता हूं मुझे यकीन है मध्य प्रदेश की नई टीम आने वाले दिनों में ऐसी ही कई और उपलब्धियां हासिल करेगी. पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि जब हुकुमचंद मिल के श्रमिकों के लिए पैकेज का ऐलान किया गया. इंदौर में उत्सव का माहौल हो गया. इस निर्णय ने हमारे श्रमिक भाइयों बहनों में त्योहारों के उल्लास और बढ़ा दिया है. आज का आयोजन इसलिए भी विशेष है क्योंकि आज अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है. मध्य प्रदेश के साथ जी का संबंध उनकी आत्मीयता हम सभी जानते हैं सुशासन दिवस पर हुए इस कार्यक्रम के लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं, अपनी शुभकामनाएं



देता मेरे परिवार जनों आज सांकेतिक तौर पर 224 करोड रुपए का चेक सौंपा गया है, आने वाले दिनों में यह राशि श्रमिक भाई बहनों तक पहुंचेगी. पीएम ने कहा कि मैं जानता हूं कि आपने कई चुनौतियों का सामना किया लेकिन आपके सामने अब सुनहरे भविष्य की सुबह का सवेरा है. इंदौर के लोग 25 दिसंबर की तारीख को श्रमिकों को न्याय मिलने के तीन के तौर पर याद रखेंगे. उन्होंने कहा की मैं आपके धैर्य के आगे नतमस्तक हूं आपके परिश्रम को प्रणाम करता हूं.

**मेरे लिए देश में चार जातियां सबसे बड़ी है** –पीएम आगे बोले, मैंने हमेशा कहा है कि मेरे लिए देश में चार जातियां सबसे बड़ी है मेरा गरीब, मेरा युवा, मेरी माताएं बहने महिलाएं और मेरे किसान भाई बहन. मध्य प्रदेश की सरकार ने गरीबों का जीवन बदलने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गरीबों की सेवा श्रमिकों का सम्मान और वंचितों को मदद हमारी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि देश का श्रमिक सशक्त बने और समृद्ध भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे.

## संक्षिप्त समाचार

### लंबे इंतजार के बाद आज होगा सीएम मोहन यादव की कैबिनेट का विस्तार, मंत्रियों की लिस्ट में इनके नाम शामिल





आज (25 दिसंबर) देश के पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी इस मोके पर आज मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नई सरकार बनने के 12 दिन बाद मंत्रिमंडल का विस्तार होने जा रहा है. ऐसे में मुख्यमंत्री मोहन यादव सुबह 9.30 बजे राज्यपाल मंगु भाई पटेल से मिले और नए मंत्रियों की लिस्ट उन्हें सौंप दी है. विस्तार को लेकर पिछले कई दिनों से मंथन और अटकलों का दौर चल रहा था. ऐसे में नए मंत्रियों को सोमवार यानी 25 दिसंबर को दोपहर 3 बजे शपथ दिलाई जाएगी. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल में 20 से 22 विधायकों को जगह मिल सकती है. इस बीच राजनीतिक गलियारों में मध्य प्रदेश के संभावित मंत्रियों के नाम की चर्चा तेज है. इनमें राकेश सिंह, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, अर्चना चिटनीस, तुलसी सिलावट, प्रधुम्न तोमर, चेतन कश्यप, इंदरसिंह परमार, ऊषा ठाकुर का नाम शामिल है.

**नए चेहरों को मिल सकता है मौका**–सीएम डॉ. यादव राज्यपाल मंगु भाई पटेल से मिलने के बाद इंदौर निकल जाएंगे. सीएम ने सोमवार को प्रस्तावित ग्वालियर दौरा भी रद्द कर दिया है. इंदौर में हुकुमचंद मिल के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सीएम भोपाल लौटेंगे और दोपहर तीन बजे शपथ ग्रहण में शामिल होंगे. मंत्रिमंडल विस्तार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फॉर्मूला देखने को मिल सकता है.लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर संसदीय क्षेत्रवार प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है. वहीं मंत्रिमंडल में जातीय और क्षेत्रीय समीकरण भी देखने को मिल सकता है. सूत्रों का कहना है कि मंत्रिमंडल में वरिष्ठ नेताओं की तुलना में नए चेहरों को अधिक मौका दिया जाएगा. साथ ही ओबीसी वर्ग के नेताओं को भी प्राथमिकता दी जा सकती है.

### मंत्रियों की नई टीम में टेस्ट और टी-20 दोनों तरह के खिलाड़ी.., शपथ के बाद बोले कैलाश विजयवर्गीय



मध्य प्रदेश में आज मोहन यादव सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है. मुख्यमंत्री मोहन यादव की टीम में कुल 28 मंत्री हैं. इनमें कई ऐसे मंत्री भी हैं जिनके पास राजनीति का लंबा अनुभव है. साथ ही कई ऐसे हैं जो सांसद भी रह चुके हैं. ऐसे में बीजेपी के महासचिव और अब विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने नई टीम को बैलेंस टीम बताया है. आइए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा है.भोपाल में कैबिनेट विस्तार पर मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, ÷इस टीम में टेस्ट मैच के साथ-साथ टी-20 खिलाड़ी भी हैं और इसलिए यह बहुत संतुलित टीम है.÷ कैलाश विजयवर्गीय इंदौर से बीजेपी के विधायक चुनकर आए हैं.कैबिनेट मंत्री के रूप में कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, करण सिंह वर्मा, उदयप्रताप सिंह, कुंवर विजय शाह, तुलसीराम सिलावट, एदल सिंह कंषाना, निर्मला भूरिया, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, नारायण सिंह कुशवाह, नागर सिंह चौहान, चैतन्य कश्यप, इंदर सिंह परमार, राकेश शुक्ला, प्रधुम्न सिंह तोमर, संपतिया उईके ने शपथ ली है. जबकि राज्यमंत्री के रूप में कृष्णा गौर, धर्मेन्द्र लोधी, दिलीप जायसवाल, लखन पटेल, नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, नरेन्द्र शिवाजी पटेल, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह, दिलीप अहिरवार ने शपथ ली है. वहीं कैलाश विजयवर्गीय के अलावा मंत्रिमंडल विस्तार पर कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा, ÷मैं पूरे बीजेपी नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया. प्रदेश की प्रगति के लिए. मैं पूरे समर्पण अपनी जिम्मेदारियां पूरी करूंगा.÷

## सरकार बदली लेकिन तारीख नहीं... 2018 में क्रिसमस के दिन ही कमलनाथ कैबिनेट के मंत्रियों ने भी ली थी शपथ

मध्य प्रदेश में 25 दिसंबर यानी क्रिसमस के मौके पर डॉ मोहन यादवमंत्रिमंडल का विस्तार होने जा रहा है. विधायकों को लगातार फोन आ रहे हैं. संभावना है कि दो दर्जन से ज्यादा विधायक राजभवन में मंत्री पद की शपथ लेंगे. दूसरी तरफ साल 2018 की वह तारीख भी याद आ रही है, जब आज ही के दिन कमलनाथ कैबिनेट के 28 मंत्रियों ने भी शपथ ली थी.मध्य प्रदेश में आज मंत्रिमंडल विस्तार के साथ इतिहास को दोहराया जा रहा है. साल 2018 में 25 दिसंबर को ही कमलनाथ सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था, जिसमें गोविंद सिंह, गोविंद सिंह राजपूत, सज्जन सिंह वर्मा, जीतू पटवारी, जयवर्धन सिंह, राजवर्धन सिंह, प्रद्युम्न सिंह तोमर, इमरती देवी, तुलसी सिलावट, तरुण भनोट, सचिन यादव, महेंद्र सिंह सिसोदिया, कमलेश्वर पटेल, हर्ष यादव प्रदीप जायसवाल, प्रियव्रत सिंह, बाला बच्चन, हुकुम सिंह कराड़ा सहित 28 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी. **विधानसभा चुनाव में हारे पूर्व मंत्री** –अब एक बार फिर 25 दिसंबर को कैबिनेट का विस्तार हो रहा है. फर्क इतना है कि इस बार डॉक्टर मोहन यादव सरकार की कैबिनेट का विस्तार हो रहा है. संभावना यह भी जताई जा रही है कि 28 विधायक इस बार भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं. यदि ऐसा हुआ तो एक और संयोग सामने आएगा.

## दमोह में रेप की घटना से दुखी नाबालिग ने पिया जहर, हालत नाजुक



मध्य प्रदेश के दमोह से एक बार फिर सनसनीखेज वारदात सामने आई है जब एक नाबालिग ने रेप की वारदात के बाद जहर पी लिया है और अब नाबालिग जिंदगी की जंग लड़ रही है. मामला दमोह जिले के तेजगढ़ थाने के तहत आने वाली इमलिया चौकी से सामने आया है जहां रविवार की रात एक नाबालिग लड़की घर में अकेली थी उसके मां बाप एक आयोजन में शामिल होने गए थे, तभी गांव के ही एक मनचले युवक ने पीड़िता के घर मे घुसकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया.अपने साथ घटी इस वारदात के बाद नाबालिग ने घर मे रखे कीटनाशक को पी लिया. जब लड़की की हालत बिगड़ी तो आसपास के लोगों ने उसकी खबर ली और उसके मां बाप को खबर की. पीड़िता के परिजन लड़की को लेकर दमोह जिला अस्पताल पहुंचे और जब पुलिस ने बयान लिए तो सबके होश उड़ गए.पीडिता ने ड़हर पीने की वजह अपने साथ हुए दुष्कर्म को बताया तो सब सन्न रह गए. मेडिकल परीक्षण में भी रेप की पुष्टि हुइ

## एमपी में कैबिनेट मंत्रियों की लिस्ट पर शिवराज सिंह चौहान की पहली प्रतिक्रिया

मध्य प्रदेश में आज मंत्रिमंडल का विस्तार होने जा रहा है. आज करीब 28 विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे. इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के दिग्गज नेता शिवराज सिंह चौहान का बयान सामने आया है. मंत्रिमंडल विस्तार पर उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश का सौभाग्य है कि अटल जयंती पर नई सरकार आकार ले रही है. मंत्रिमंडल में अनुभव की भट्टी में पके वरिष्ठ राजनेता और युवा जोश शामिल है.शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा, और क्षेत्रिय आवश्यकताओं को





÷मंत्रिमंडल पूरी तरह संतुलित भी ध्यान में रखा गया है. पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम मोहन यादव की अगुवाई में प्रदेश को सुशासन देगी नई सरकार. प्रदेश के विकास और जनता के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी सरकार.पूर्व सीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि, संकल्प पत्र के वचनों को पूरा करेगी नई सरकार. सभी मंत्री मित्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं. नया मंत्री मंडल पूरी निष्ठा के साथ जनता की सेवा का नया इतिहास रचेगा.

## ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी कितने विधायक बने मंत्री?

मध्य प्रदेश में आज मोहन यादव कैबिनेट के 28 मंत्रियों ने मंत्री पद की शपथ ले ली. पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल और भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय समेत कई बड़े नाम भी मंत्रिमंडल में शामिल किए गए. वहीं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी माने जाने वाले विधायकों को भी कैबिनेट में जगह दी गई. नए मंत्रिमंडल में ज्योतिरादित्य सिंधिया के चार करीबी ऐदल सिंह कंसाना, गोविंद राजपूत, प्रद्युम्न सिंह तोमर और तुलसीराम सिलावट शामिल हैं. ये कांग्रेस के उन 22 विधायकों में से थे, जो मार्च 2020 में बीजेपी में शामिल हो गए थे, जिसके बाद प्रदेश की कमलनाथ सरकार गिर गई थी.वहीं सोमवार को यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने नए शामिल लोगों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. कुल 18 विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि 10 अन्य ने राज्य



मंत्री के रूप में शपथ ली, जिनमें छह स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्री शामिल हैं.नई कैबिनेट में 17 नए चेहरे शामिल हैं. बीजेपी के एक पदाधिकारी ने कहा कि 28 मंत्रियों में से पांच महिलाएं हैं, 12 ओबीसी समुदाय से हैं, पांच आदिवासी हैं और चार अन्य अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग से हैं. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के चार वफादारों को भी नई मंत्रिपरिषद में जगह मिली है.राज्य में जिन विधायकों को कैबिने मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी उनमें विजय शाह, कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल, करण सिंह वर्मा, राकेश सिंह, उदय प्रताप सिंह , संपतिया उइके, तुलसीराम सिलावट, ऐदल सिंह कंसाना, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, निर्मला भूरिया, नारायण सिंह कुशवाहा, नागर सिंह चौहान, प्रद्युम्न सिंह तोमर, राकेश शुक्ला, चैतन्य कश्यप और इंदर सिंह परमार शामिल हैं .य मंत्रियों में कृष्णा गौर, धर्मेंद्र लोधी, दिलीप जयसवाल, गौतम टेटवाल, लाखन पटेल और नारायण सिंह पवार शामिल हैं.

### खंडवा में सोशल मीडिया के दोस्तों ने नाबालिग से किया गैंगरेप, घर छोड़ने के बहाने ले गए थे

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करने वाले चार युवकों ने एक छात्रा को अपनी हवस का शिकार बनाया. पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक अन्य आरोपी फरार है. बताया गया है ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा की सोशल मीडिया के जरिए अनुराग से दोस्ती हुई. छात्रा स्कूल से बाहर निकली तभी अनुराग और हरीश ने उसे बाइक से घर छोड़ने को कहा.छात्रा इसके लिए तैयार हो गई तो आरोपी उसे घर छोड़ने की बजाय जंगल की तरफ ले गए

## भोपाल में शपथ समारोह को लेकर बदला गया ट्रैफिक प्लान,





राजधानी भोपाल स्थित राजभवन में आज दोपहर 3 बजे से मंत्री मंडल का शपथ समारोह आयोजित किया जा रहा है. आयोजन को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक रूट तय किए हैं. दोपहर डेढ़ बजे से परिवर्तित रहेंगे यह मार्ग. समस्त प्रकार के वाहन मालवाहक, भारी, व्यावसायिक एवं अनुमति प्राप्त वाहन रोशनपुरा चौराहे से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा से राजभवन, बाणगंगा से राजभवन, एमएलए रेस्ट हाउस से राजभवन एवं मछलीघर तिराहा से गांधी पार्क तिराहा तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा. सामान्य दो पहिया, चार पहिया एवं लोकपरिवहन वाहन रोशनपुरा चौराहा से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा से राजभवन, बाणगंगा से राजभवन, एमएलए रेस्ट हाउस से राजभवन एवं मछलीघर तिराहा से गांधी पार्क तिराहा तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा.

## कोरोना ने कर्नाटक में पकड़ी रफ्तार, एक दिन में आए 125 केस, जेएन 1 वैरिएंट के 34 मामलों की पुष्टि

कर्नाटक में कोविड 19 के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. सोमवार (25 दिसंबर) को कोविड-19 के 125 नए मामले सामने आए. इसके साथ ही राज्य में कोरोना वायरस के एक्टिव मामलों की कुल संख्या 436 हो गई है. इस दौरान तीन लोगों की संक्रमण से मौत हो गई.इस संबंध में कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग ने कहा, ÷पिछले 24 घंटों में 30 मरीजों को छुट्टी दे दी गई है. अब तक कुल 3,155 टेस्ट किए गए हैं. इनमें 2,072 आरटी-पीसीआर और 1,083 रैपिड एंटीजन टेस्ट शामिल हैं. इसमें कहा गया है कि मरने वाले सभी मरीजों ने सांस फूलने की शिकायत की थी. फिलहाल 400 लोग होम आइसोलेशन में हैं, जबकि 36 अस्पताल में भर्ती हैं.÷

**जेएन.1 वेरिएंट के 34 मामले**–कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार (25 दिसंबर) को कहा कि राज्य में अब तक कोविड??-19 के वेरिएंट जेएन.1 के 34 मामले पाए गए हैं. इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री दिनेश





गुंडू राव ने कहा था कि कर्नाटक में अब तक जेएन.1 के लगभग 35 मामलों का पता चला है. इनमें से 34 मामले छ्व्ह.1 वायरस के हैं. इनमें से 20 केस अकेले बेंगलुरु शहर से हैं.कोविड-19 पॉजिटिव मामलों के नमूनों की जांच पूणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) और बेंगलुरु के नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज (एनसीबीएस) में की गई. विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 192 नमूनों में से 60 नमूनों के जीनोम सिकुएंस आ गए हैं. इनमें से कुल 34 केस जेएन.1 वेरिएंट के हैं. बाकी पॉजिटिव केस के परिणाम बुधवार तक उपलब्ध हो सकते हैं.

**पाबंदी लगाने से फैल सकती है दहशत** -पीटीआई के मुताबिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि वर्तमान मऔर भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने को वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट के रूप में वर्गीकृत किया है, न कि वैरिएंट ऑफ कंसर्न (. ऐसे में किसी भी तरह की पाबंदी लगाने से लोगों में दहशत फैल सकती है. हालांकि, राज्य में कोविड??-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर, तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) के परामर्श के बाद राज्य सरकार ने भीड़-भाड़ वाली जगहों पर न जाने और फेस मास्क पहनने जैसी सावधानियां बरतने को कहा है.

सावधानी बरतें लोग-प्रेस रिलीज में लोगों से क्रिसमिस और नए साल के जश्न के दौरान सुरक्षित समारोहों का आह्वान करने की अपील की गई है. इसमें कहा गया है कि लोग सोशल डिस्टेंस, चेहरे पर मास्क लगाना और हाथ साफ करने जैसी सावधानियों का पालन करे.

# अटल जी आधुनिक भारत के सच्चे निर्माता थे: बरुआ

**गोरमी।** बीजेपी युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया कि देश के गौरव भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के 99 बे जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी द्वारा 64 बूथ केंद्रों पर अटल जी का जन्मदिन मनाया गया गोरमी नगर में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक के नेतृत्व में अस्पताल परिसर में मरीजों को फल वितरित किये गये। एवं अस्पताल परिसर में स्थित मंदिर प्रांगढ़ में स्वच्छता अभियान चलाया गया कार्यकर्ताओं ने अटल जी के जन्मदिन को सुशासन एवं सेवा दिवस के रुप में मनाया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा श्री शैलेंद्र बरुआ जी उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में जिला मंत्री राजकुमार जैन मेहगांव मंडल अध्यक्ष गजेंद्र भदोरिया मौजूद थे अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष



थापक ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पाठय पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र बरुआ ने।कहा की अटल जी आधुनिक भारत के सच्चे निर्माता थे उनके प्रधानमंत्री काल में देशभर में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत जिस प्रकार गांव गांव में सड़कों का जाल बिछाया गया इससे आज ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ है अटल जी भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे वो राजनीत में ईमानदारी जनकल्याण एवं आमजन की चिंता करने वाले राजनेता थे इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा नगर के वार्ड नंबर 14 जैन मंदिर वाली गली में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय कुशवाह के आवास पर अटल जी का जन्मदिन मनाया गया। ।इस अबसर पर मुख्य अतिथि के रूप शैलेन्द्र बरुआ जी विशेष अतिथि के रूप में जिला मंत्री राजकुमार जैन मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक मौजूद थे सभी अतिथियों का स्वागत बूथ अध्यक्ष बल्लू पांडे ने किया। इसके अलावा इसके अलावा अलग-अलग पंचायतों में अलग-अलग बूथ केंद्रों पर बूथ अध्यक्ष एबम प्रभारी की उपस्थिति में अटल जी का जन्मदिन सेवा एवं स्वशासन दिवस के रूप में मनाया गया एबम सेवा कार्य किये गये। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता गोकुल सिंह परमार जगदीश सोनी विजय कुशवाह प्रेम प्रताप नरवरिया शिवराज यादव भान सिंह नरवरिया शिवराज परमार मोनू शर्मा मोनू परमार रणवीर परमार राहुल कटारे हरिओम शर्मा बल्लू पांडे बृज किशोर थापक अशोक नरवरिया रिंकु दिक्सित सहित सैक?ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एंदल सिंह कंसाना,राकेश शुक्ला,प्रदुम्न सिंह,गोविंद सिंह बने मंत्री,भाजपा नेता ने दी शुभकामनाएं

**लहार- मध्यप्रदेश के मंत्रिमंडल का विस्तार होते ही मध्यप्रदेश में भाजपा मंत्री समर्थको में खुशी की लहर दिखाई दे रही है।जिसके चलते समर्थको ने जगह जगह आतिशबाजी की और मिठाई बांटी।इसी क्रम में भिण्ड जिले के पूर्व जिला मंत्री भाजपा नेता परमाल सिंह गुर्जर ने अपने निज निवास दबोह पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मंत्रिमंडल में एंदल सिंह कंसाना,राकेश शुक्ला,प्रदुम्न सिंह,गोविंद सिंह राजपूत के मंत्री बनने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए आतिशबाजी कर मिठाई बांटी।इस दौरान भाजपा नेता परमाल सिंह गुर्जर ने कहा कि भाजपा ने जिस तरह से विधानसभा में प्रचंड जीत हांसिल की है वैसे ही आगामी लोकसभा चुनाव में भी भाजपा एकतरफा चुनाव जीतेगी।उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी,केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी व सीएम डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास का एक नया आयाम छुएगा।**



# मंडल केंद्रो पर मनाया गया सुशासन दिवस , पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को किया याद

**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सिरोंज विधानसभा के नगर एवं ग्रामीण के देवपुर, चितावर मंडल केंद्र के प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी बाजपेयी जी द्वारा भारतीय जनता पार्टी संगठन की रीति नीतियों को समाज मे स्थापित करने तथा प्रधानमंत्री रहते देश हित मे दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला।संगठन के आव्हान पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। भाजपा संगठन के तीनो मंडलों के अध्यक्षों ने बूथ स्तर पर जयंती आयोजन को लेकर योजना बनाकर प्रत्येक मतदान व वार्ड केंद्र पर वक्ता तय किए थे। इसी के तहत सभी मतदान केंद्रों पर तय समयानुसार अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती



सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए कार्यकर्ताओ ने देश को परम वैभव पर ले जाने के लिए प्रत्येक परिवार को भाजपा से जो?ने,सरकार की योजनाओं से अंत्योदय के कल्याण तथा अपने प्राकृतिक वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को अटल विहारी द्वारा राष्ट्रवाद के विचार को जन जन तक पहुँचाने के लिए किए संघर्ष त्याग से लेकर प्रधानमंत्री बनने पर देश में गाँव गरीब किसान आमजन के कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं, देश को विदेशी ताकतों के विरोध के बाबजूद परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाने में दिए गए योगदान पर विचार व्यक्त किए। **अनाथ-निराश्रितों को बाँटा भोजन कंबल**-अटल जी की जयंती के उपलक्ष्य में नगर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओ ने गरीब निराश्रितों को भोजन वितरण भी किया । इसके लिए भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता एकत्रित होकर सुबह के समय टाकीज चौराहे पर एवं शाम को लिंक रोड स्थित वृद्धाश्रम पहुँचे। जहाँ उन्होंने प्रतिदिन भोजन करने आने वाले गरीब असहाय लोगो को खीर पू?ी सब्जी परोसी तथा ठंड से बचाव के लिए कंबल का भी वितरण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश यादव, नपाउपाध्यक्ष मनोज साईनाथ,पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग,महामंत्री सुमंत मित्तल,हरिचरण अहिरवार,सरसिज शर्मा,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मुनीम गौरी,सीताराम कुशवाह, रवि सोनी,पार्षद जयनारायण सेन,बलजीत यादव,संजू सोनी,विष्णु गर्ग,मुंशीलाल कुशवाह,शरद चौरसिया आदि ?मुखकार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला शिवपुरी की तहसील बैराड़ के ग्राम रायपुर में हुआ संत रामपाल जी महाराज जी का सत्संग

जिला शिवपुरी के तहसील बैराड़ ग्राम रायपुर में 24 12 2023 को संत रामपाल जी महाराज जी का सत्संग एलईडी व प्रोजेक्टर के माध्यम से हुआ सत्संग सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए सत्संग में जल चाय बिस्कुट की व्यवस्था की गई संत रामपाल जी महाराज जी के अनुयाई तहसील सेवादार सोनूदास द्वारा बताया गया है कि कि संत रामपाल जी महाराज सभी धर्म के पवित्र शास्त्रों के आधार पर सत्संग सुनाते हैं सत्संग में संत रामपाल जी महाराज ने हमें बताया सतगुरु के लक्षण कहूं मधुरे बेन विनोद चार वेद छ शास्त्र कहे आटारा बोध पूर्ण संत



चारों वेदों के आधार पुराणों यदि सभी वेद शास्त्रों का जानकार होगा सभी शास्त्रों के पूर्ण जानकार संत रामपाल जी महाराज जी हैं जो सत भक्ति देकर मानव को सभी बुराइयों से दूर कर रहे हैंबताया के संत रामपाल जी महाराज मानव समाज को सभी बुराइयों से दूर कर रहे है जैसे के किसी भी तरह का नशा न करना दहेज ना लेना ना देना जैसी कुर्ती से भी दूर कर रहे हैं और हमें संत रामपाल जी महाराज जी ने बताया है कि जीव हमारी जाती है मानव धर्म हमारा हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई धर्म नहीं कोई न्यारा अधिक जानकारी के लिए सभी शास्त्रों से प्रमाणित पुस्तक ज्ञान गंगा जिसको आप घर बैठे निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं अपना नाम पता एड्रेस पिन कोड सहित हमें मैसेज करें यह पुस्तक निशुल्क आपके घर तक भेज दी जाएगी पुस्तक नाम ज्ञान गंगा 7496801825 मैसेज करे

# सीरवी समाज अटबड़ा ने 12 वां वार्षिक स्नेह मिलन धूम-धाम से मनाया


## पारंपरिक वेशभूषा में घूमर नृत्य से सजा स्नेह मिलन


**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू। सीरवी समाज अटबड़ा बैंगलोर कर्नाटक ने 12 वां वार्षिक स्नेह मिलन सोमवार को नेलमगला रोड स्थित भिक्षु धाम में मनाया गयासर्वप्रथम आईमाताजी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित आरती के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सभा में ज्ञानाराम सातपुरा ने लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में पूर्व में अटबड़ा गांव में सवा तीन बीगा भुखड खरीदा था। उस भुखड के निर्माण के लिए समाज बदुओं ने बढ़चढ़कर कर विभिन्न बोलियां लगाकर धर्मलाभ अर्जित किया। पारंपरिक वैशभूषा में आई महिलाओं राजस्थानी लोक गीतों पर घूमर नृत्य किया। इस अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन रखा गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों का माल शॉल द्वारा स्वागत किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन सपरिवार शामिल हुए और एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में जगदीश पंवार, बाबूलाल चोयल, राजेंद्र प्रसाद डी, ज्ञानाराम सातपुरा, विजयराज चोयल, जयराम मुलेवा, नेमाराम सोलंकी, तेजाराम परिहारिया, रामलाल बर्फा, मोतीलाल सोलंकी, बाबूलाल सातपुरा,चन्द्रप्रकाश सातपुरा, मदनलाल सातपुरा सहित समाज के अनेक गणमान्य मौजूद रहे।




# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रज्ञान 2023 का हुआ आयोजन





**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

खरगोन ( निप्र )दामखेड़ा स्थित विद्यालय द नोबल पब्लिक हाई स्कूल खरगोन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रज्ञान का आयोजन बड़े ही धूमधाम और बहुत उत्साह के साथ किया गया। द नोबल पब्लिक हाई स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रज्ञान , चंद्रयान से निकले रोवर प्रज्ञान को समर्पित किया गया। प्रज्ञान सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत देश के वैज्ञानिकों को सलामी देते हुए आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री शैलेंद्र कानूडे DEO खरगोन द्वारा की गई व समाज सेवी एवम द्वस्त्रष्ठु उपाध्य झ मनोज रघुवंशी श्रीमती कविता अत्रे संस्थापिका विनय बाल मंदिर हा. से. स्कूल के विशेष आथित्य में संपन्न हुआ।सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रज्ञान में कई सुंदर प्रस्तुतियो ने दर्शकों का मन मोह लिया द्यद्य कार्यक्रम की मुख्य झलकियों के रूप में महाभारत एक्ट , शिवाजी एक्ट, महिषासुर मर्दिनी एक्ट, वुमन एंपावरमेंट( पाक्सो एक्ट) ,योग ,आर्मी एक्ट, गणेश वंदना और सभी संस्कृतियों को दर्शाता हुआ सभी राज्यों का लोक नृत्य रहा। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा कई रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई जिससे पालकों का उत्साह देखते ही बनता था। सभी अतिथियों और पालकों द्वारा कार्यक्रम की बहुत सराहना की गई।विद्यालय समिति के श्रीमती कल्पना रघुवंशी, श्री जयप्रकाश जी डंडीर, श्रीमती कमला रघुवंशी, श्री रणजीत जी डंडीर,सुनील रघुवंशी, विजन न्यूज से श्री दीपक जी डंडीर ,बाबा न्यूज़ से श्री किशोर जी रघुवंशी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन श्री अनिल रघुवंशी द्वारा किया गया एवं पधारे हुए सभी मुख्य अतिथियों विशेष अतिथियों पालकों सभी शिक्षिकाओं एवं अन्य स्टाफ का आभार प्रदर्शन विद्यालय प्राचार्य श्रीमती वर्षा अनिल रघुवंशी द्वारा किया गया।

# अब तक नौ बार चुनाव लड़कर आठ बार विधानसभा में पहुंच चुके हैंचौथी बार केबिनेट मंत्री बने करण सिंह वर्मा

## उमा भारती के मुख्यमंत्रित्व काल में पहली बार बने थे मंत्री



**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** डॉ. मोहन यादव के मंत्रीमंडल में केबिनेट मंत्री की शपथ ग्रहण करने वाले सीहोर जिले की इछावर विधानसभा क्षेत्र के विधायक करण सिंह वर्मा गोपाल भार्गव के बाद सबसे सीनियर विधायक हैं।मध्यप्रदेश की राजनीति में उन्हें सर्वाधिक लोकप्रिय, ईमानदार और बेदाग छबि वाला नेता माना जाता है।वह इछावर विधानसभा क्षेत्र से 9 बार चुनाव लड़े हैं और 1985 के बाद अब तक सिर्फ 2013 का चुनाव ही हारे हैं और आठ बार जीत दर्ज कराई है। उन्हें 2004, 2005 और 2008 में तीन बार मंत्री बनाया गया। इस बार उन्हें चौथी बार मंत्री पद के लिए शपथ दिलाई गई है। सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे के लगभग उनके पास सीएम हाउस से फोन आया और



उन्हें भोपाल बुलाया गया। इसकी जानकार मिलते ही बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र से उनके समर्थक भी भोपाल पहुंच गए थे।इछावर विधानसभा क्षेत्र के एक छोटे से गांव जमोनिया हटेसिंह में 6 अक्टूबर 1955 को करण सिंह वर्मा का जन्म हुआ। उन्होंने सीहोर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से ग्रेजुएशन तक शिक्षा प्राप्त कीवह 1980 में इछावर जनपद सदस्य रहे। इसके बाद क्षेत्र में अपनी सादगी और ईमानदार छवि के चलते सन 1985 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर अपना पहला चुनाव ल?ा। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के कद्दावर नेता हरिचरण वर्मा को बड़े अंतर से चुनाव में हराया। इसके बाद से श्री वर्मा ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने आगामी चुनावों को वह अपने काम के दम पर जीतते गए।अपवाद स्वरूप उनकी जीत का क्रम 2013 में आकर थम गया जब उन्हें कांग्रेस के युवा नेता शैलेंद्र पटेल ने महज 756 वोटों से पराजित कर दिया। लेकिन अपनी इस हार का बदला करण सिंह वर्मा ने 2018 के चुनाव में ले लिया। उन्होंने कांग्रेस के अपने प्रतिद्वंदी शैलेंद्र पटेल को 15 हजार 869 वोट के अंतर से शिकस्त दी। इसके बाद 2023 में एक बार फिर शैलेंद्र पटेल को 16 हजार 346 वोट के भारी अंतर से हराया।करण सिंह वर्मा अपने 38 वर्ष के लंबे राजनीतिक करियर में इससे पहले तीन बार मध्यप्रदेश शासन में मंत्री भी रहे हैं। उन्होंने मुख्य तौर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के कार्यकाल में जून 2004 से पंचायत एवं राज्य मंत्री और उसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के कार्यकाल में 2005 में उद्यानकी मंत्री और 2008 में राजस्व एवं पुर्नवास स्वतंत्र प्रभार मंत्री के रूप में कार्य किया। अब 2023 में यह चौथा अवसर है जब उन्हें मंत्री पद मिला है।श्री करण सिंह वर्मा को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर इछावर सहित पूरे सीहोर जिले में खुशी का माहौल है। उनजे प्रशंसकों ने इछावर और सीहोर में आतिशबाजी कर श्री वर्मा को बधाई दी है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयंती पर अटल जी को किया याद

**कर्वी चित्रकूट**, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का 93वां जन्म दिन धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दिवस को भाजपा ने सुशासन दिवस के रुप में मनाया। वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को हुआ था। वाजपेयी के कार्यकाल को भाजपाइयों ने अपने बीच चर्चा किया एवं उनके नहीं रहने की कमी को लेकर पार्टी को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। वाजपेयी का आरंभिक जीवन, राजनीतिक जीवन, प्रधानमंत्री में रहे कार्यकाल, कवि के रूप में इन सभी विषयों पर वाजपेयी का एक अलग छवि है। उन्हीं के कार्यकाल में भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाना, पाकिस्तान से संबंधों में सुधार की पहल, कारगिल युद्ध, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किया गया है। अटल के कार्यकाल में कई ऐसे महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू हुई जो, रचनात्मक एवं



नवीनतम के लिए जाने जाएंगे। जैसे सड़कों से पूरे देश को जोड़ना, नदियों को भी एक दूसरे से जोड़ने की योजना उन्होंने बनाई थी। सरकार के कई बीमार संस्थाओं को उन्होंने गैर सरकारी बना दिया था। कारगिल युद्ध में भी भारत की जीत हुई थी। वाजपेयी के सरकार ने संयम से काम लिया और भारत ने पाकिस्तान को अपने क्षेत्र से बाहर खदेड़ा। लेकिन उनके क्षेत्र पर कब्जा नहीं किया। इससे सारी दुनिया में भारत की सराहना और पाकिस्तान की निंदा हुई थी। उस जमाने में विदेश नीति के क्षेत्र में भी अटल ने कुछ ऐसे कदम उठाए, जिनका प्रभाव हमें भावी दशकों में बराबर देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर भाजपाइयों ने कहा कि वाजपेई के सपनों को पूरा करने के लिए देश को फिर से एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में मिले हैं। वाजपेयी के सपनों को पूरा करने के लिए हमें हर एक नागरिक को नरेंद्र मोदी और भाजपा को साथ देना चाहिए। आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गंगा बहने लगी है। गरीब लोगों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। उस योजनाओं का लाभ सीधे गरीबों तक पहुंच रहे हैं। मौके पर पूर्व प्रधान शिवमूरत द्विवेदी, पूर्व प्रधान छंगू खान, मण्डल उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, मण्डल महामंत्री रमेश रैकवार, पंकज सोनी, बबलू पाण्डेय, अवनीश पाण्डेय, काफी संख्या मे भाजपाई उपस्थित रहे।

# गरीबों के स्वास्थ्य की चिंता कर रही है भाजपा की डबल इंजन की सरकार- सभाकुँवर कुशवाहा

तहसीलप भारीभाट पार रानी,देवरिया।भटनी विकास खंड के ग्राम पंचायत रानी घाट एवं गोपालपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई गई एवं उन विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे जिन लोगों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आमजन को अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि गरीबों के स्वास्थ्य की चिंता कर रही मोदी एवं योगी सरकार। आयुष्मान कार्ड के जरिए गरीब परिवार को रूपए पांच



लाख के सलाना स्वास्थ्य की गारंटी दे रही भाजपा सरकार। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को कम प्रीमियम पर अधिक लाभ देने का कार्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है। भाजपा नेता डॉ शम्स परवेज ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत देश के गरीबों को अब 2025 तक निशुल्क अन्न उपलब्ध कराने का निर्णय केंद्र सरकार के द्वारा लिया गया है जो अपने आप में ऐतिहासिक है। वही बनकटा विकासखंड के ग्राम पंचायत भड़सर एवं कुरमौली में कार्यक्रम को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख बिंदा कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के माध्यम से सस्ते मूल्य पर गंभीर से गंभीर बीमारियों की दवा उपलब्ध कराने का कार्य सरकार कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी भाटपार रानी भईयन लाल पटेलग, कृषि वैज्ञानिक डॉ मान्धाता सिंह, डॉ कमलेश मीना, ग्राम प्रधान रानी घाट सर्वजीत यादव, ग्राम प्रधान गोपालपुर सुरेन्द्र यादव, मंडल अध्यक्ष अनिल शाही, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय, गुड्डू गोस्वामी, सुरेश तिवारी, संतोष पटेल, तारकेश्वर नाथ तिवारी,संजय सिंह सैथवार, प्रवीण कुमार राय, इन्दूभूषण कुशवाहा, हरिकेश कुशवाहा,अरूण पाण्डेय, पंकज शाही, संतोष साहनी, प्रेम नारायण गुप्ता, अरुण गुप्ता, विकास ठाकुर, अखिलेश राय सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

# भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी एक स्वच्छ छवि के नेता थे- रामलाल शर्मा






महाराजा सूरजमल जी का बलिदान दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामलाल शर्मा के नेतृत्व में मनाई

चौमूँ। महान योद्धा महाराजा सूरजमल जी के बलिदान दिवस व भारत के यशस्वी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती रिंगस रोड स्थित अंकित रेस्टोरेंट पर भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने महाराजा सूरज मल जी के चित्र के सामने पुष्प अर्पित करके मनाई गई तथा भारतरत्न अटल बिहारी जी की जयंती केक काटकर मनाई। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि राजनीति में अटल बिहारी वाजपेयी जी का व्यक्तित्व एक स्वच्छ छवि के नेता के रूप में था। उनका मन कवि था और विचारों में प्रतिबद्धता थी। ग़रीब व्यक्ति का सर्वांगीण विकास का मन रखकर कार्य किया। साधारण शिक्षक के परिवार और साधारण गाँव में जन्म लेने के उपरांत विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के प्रधानमंत्री तक का सफ़र तय किया। भाजपा के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने कहा अँधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और उनके विचारों को लेकर आज देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार भी ग़रीब व्यक्ति तक अपनी योजनाओं के ज़रिए पहुँचने का काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने महान योद्धा महाराजा सूरजमल जी के बलिदान को लेकर भी अपने विचार रखे।इस मौक़े पर नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, पूर्व उपाध्यक्ष क़ालूराम जाट, राजेंद्र पाटनी, संजय बागड़ा, बन्नालाल जाटावाली, रफीक़ नागौरी, रामनाथ सैनी, पार्षद राहुल शर्मा, गजेंद्र यादव, संदीप शर्मा, बाबूलाल यादव, एन आर यादव, विस्तारक हरीश पायला, श्रवण सैनी, नानू राम सैनी, सुरेश सैनी, जितेंद्र कुमावत, मुकेश चोपड़ा, चेतन सैनी, मोहन यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# विश्व मानवाधिकार के राष्ट्रीय संरक्षक की उपस्थिति में हुआ बैठक का आयोजन




विधान सभा सिधौली रेलवे क्रॉसिंग निकट रविदास मंदिर परिसर में भारतीय लोकतान्त्रिक समाज महासंघ एवं विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण भारत के बैनर तले मुख्य अतिथि भारत सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि एस.एस.दिनकर राष्ट्रीय संरक्षक विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत की उपस्थिति में बैठक का अयोजन किया गया। बैठक का संचालन कर रहे अनिल कुमार असुर और सभी उपास्थित सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। मौलिक अधिकारों एवं लोकतंत्र पर चर्चा हुई। समाज में हो रहे शोषण,अत्याचार, बलात्कार, बाल विवाह दहेज प्रथा बाल मजदूरीआदि नाना प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हमारा संगठन सदैव तत्पर है। अध्यक्ष भारत सिंह ने 26 जनवरी के कार्यक्रम पर चर्चा किया और कहा कि संविधान निर्माता पूज्य बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की याद में 26 जनवरी में कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा ।यह हमारा कार्यक्रम 26, 27 ,28 जनवरी तीन दिवसीय रहेगा। इसमें सभी की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। बैठक में अरविंद कुमार, सेवक राम, रामदयाल ,नंदकिशोर, कमलेश कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि सिधौली के संभ्रांति नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# किसान ने लगाया प्रधान पर उसकी भूमि पर जबरन चकरोड निर्माण करने का आरोप,पीड़ित ने जिलाधिकारी से की शिकायत

झांसी की तहसील टहरौली के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में किसान की भूमिधरी जमीन पर ग्राम प्रधान द्वारा जबरन चकरोड बनवा रहा है।मामला तहसील टहरौली के अंतर्गत आने वाले ग्राम तुर्का लहचूरा का है।जहाँ के किसान राजाराम पुत्र बाबूलाल की गांव में भूमि धारी पैतृक जमीन है जिसका गाटा संख्या 525 है। किसान का आरोप है कि ग्राम प्रधान जबरन उनकी जमीन पर बीच खेत से जबरन



पंचायत द्वारा रोड बनवाया जा रहा है जब पीड़ित किसान ने मौके पर जाकर प्रधान से खेत में रास्ता बनाने से मना किया तो प्रधान ने लेबर के द्वारा किसान को गालियां दिलवाई एवं प्रधान ने स्वयं भी गालियां दी। पीड़ित राजाराम ने बताया कि उसके पुत्र गांव में नहीं रहते है और वह बाहर मजदूरी करते है।जब पीड़ित राजाराम ने प्रधान से लिखित आदेश मांगा तो कोई आदेश नहीं दिखा सके।प्रार्थी के दो पुत्र हैं जो बाहर मजदूरी करते हैं प्रार्थी इसी जमीन से अपनी गुजर बसर करता है पीड़ित राजाराम ने बताया कि प्रधान ने जमीन पर कच्चा कार्य करवा दिया है और अब सीसी रोड डलवाना चाहता हैं पीड़ितराजाराम ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है।उक्त मामले को लेकर एसडीएम ने नायब तहसीलदार को जांचकर समस्या के निस्तारण का निर्देश दिया है।

# खून से खत लिखकर बुंदेलों ने मनाया अटल का जन्मदिन,35वीं बार लिखे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने खून से खत

**महोबा** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 99वें जन्म दिन पर आज बुंदेली समाज द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 35वीं बार अपने खून से खत लिख पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग की है, साथ ही बुंदेलखंड क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने का आग्रह किया। आपको बता दें कि आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई को जन्मदिन दिवस पर बुन्देलों ने महोबा के आल्हा चौक



पर एकत्रित होकर जन्म दिन मनाया । बुनलेलखण्ड के बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया की अटल जी खुद अलग राज्यों के पक्षधर थे और उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में तीन राज्यों का गठन किया गया था।जबकि बुंदेलखंड राज्य को भी राज्य का दर्जा मिलना चाहिए था जो किन्ही कारणों से नहीं मिल पाया ऐसे में हम बुंदेली समाज के लोग पीएम मोदी से खून के खत लिखकर बुंदेलखंड राज्य की मांग कर रहे है। संयोजक श्री पाटकर ने अटल जी की कविता ÷हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा

# गड़वार (बलिया)स्थानीय क्षेत्र के नरायनपाली गांव स्थित बजरंग बली के मंदिर पर सोमवार को ब्राह्मण स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में तुलसी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।

बीएसएस के प्रदेश महासचिव राजेश मिश्र ने कहा कि 25 दिसम्बर को तुलसी दिवस के रूप में मनाया जाता है। ईसा मसीह के जन्म को लेकर कोई भी निश्चित तिथि नहीं है कहीं भी दिखाया सकता है । लेकिन पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव में आकर आज का युवा अपनी सनातन परंपरा एवं संस्कृति को भुलता जा रहा है। 2 त्न इसाई कभी भी जन्माष्टमी नहीं मनाते हैं और हम । तुलसी का महत्व बताते हुए कहा कि प्रत्येक घर में तुलसी का पौधा होना चाहिए। तुलसी हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में कारगर है। कोरोना महामारी के बीच लोगों को तुलसी के महत्व की याद आई। पूजन के बाद सभी को



तुलसी का एक- एक पौधा भेंट किया गया। कई स्थानों पर महिलाओं ने पूजन करते हुए तुलसी दिवस मनाया। साथ ही तुलसी के महत्व पर प्रकाश डाला और हिंदू समाज की महिलाओं से इस दिवस को मनाने की अपील की। इस दौरान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत तिवारी,ओम प्रकाश पाण्डेय,रिंकू दुबे, विष्णु कुमार मिश्र, जितेन्द्र तिवारी, सत्य प्रकाश ओझा,रामजी चौबे,सरोज दुबे एवं मनीष दुबे मौजूद रहे।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा तकनीकी प्रशिक्षण और स्टार छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किया




टोयोटा किर्लोस्कर मोटर [टीकेएम] ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करौंदी वाराणसी में 64वें टी-टीईपी संस्थान की शुरुआत की घोषणा की। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों का कौशल खासतौर से बढ़ाना है। इस तरह कंपनी की अनूठी प्रशिक्षण पहल टोयोटा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम (टी-टीईपी) के माध्यम से रोजगार के लिए उनकी योग्यता में वृद्धि करना है। कार्यक्रम की शुरुआत अरुण कुमार यादव (प्रिंसिपल, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करौंदी वाराणसी), विक्रम गुलाटी (कंट्री हेड और एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट), वी विसलीन सिगमणि (महाप्रबंधक, स्ट्रैटेजिक बिजनेस यूनिट, टीकेएम) और राहुल गोयनका (डीलर प्रिंसिपल, राजेंद्र टोयोटा) ने की। इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए अरुण कुमार यादव (प्रिंसिपल, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करौंदी वाराणसी) ने कहा, ऑटो उद्योग में बढ़ती प्रौद्योगिकी प्रगति और मोटराइजेशन में अभूतपूर्व वृद्धि के साथ ग्राहकों की सर्वोत्तम श्रेणी की सेवाओं की उम्मीद है। लॉन्च के मौके पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और कार्यकारी उपाध्यक्ष विक्रम गुलाटी मौजूद थे।

# आर जी आर एस 30085923001032 सहित अन्य दर्ज शिकायतो पर कोतवाली मऊ रानीपुर पुलिस फर्जी आख्या लगाकर निस्तारण में अब्बल

## कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नही देखता जांच अधिकारियों की आख्या रिपर्ट झूठी है या सही,आंखबंद कर करदेते हस्ताक्षर

झांसी जिले की पुलिस शिकायतों के निस्तारण पर भले ही कागजों में अव्वल नंबर पा रही है लेकिन मऊरानीपुर कोतवाली पुलिस की जांच आख्या रिपोर्ट शत प्रतिशत फर्जी ,झूठी,और मन गढ़ांत को देखकर शिकायत कर्ता आश्चर्य में पड़ जाता है कि जांच कर्ता जिनके नाम शिकायत होती है उन्ही से साठ गांठ करके उनके पास बैठकर जांच कर लेते हैं और आख्या रिपोर्ट में लिखते हैं की जांच मेरे द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच की।और फीड बैक लेने के नाम पर झूठी आख्या लगा देते है की शिकायत कर्ता से संपर्क नही हुआ ।जब की जांच अधिकारी और शिकायत करता लगातार संपर्क में रहे तथा सात बार फोन पर बात भी हुई जिसका फोन में रिकार्ड उपलबध हैं लेकिन मौके पर जांच अधिकारी नही पहुंचे जब की शिकायत करता आस पास के किसानों को एकत्र करके जांच स्थल पर साम छै बजे तक इंतजार करता रहा।अक्सर शिकायतो के निस्तारण के लिए कोतवाली पुलिस शिकायत कर्ता के पास नही जाता और न ही शिकायत कर्ता को जांच करने की भनक लगते देते।और हकीकत में शिकायत कर्ता से जांच करने के संबंध में दूर दूर तक कोई बात नही होती।जांच आख्याओ की जांच की जाए तो बही गिने चुने गवाहों के नाम और मोबाइल नंबर डले मिलते है कभी किसी जांच आख्या में किसी का नाम और मोबाइल नंबर दिखता तो कही किसी जांच में किसी का मोबाइल नंबर और नाम लिखा होता लगभग पांच छ नाम के ही लोगो के नाम अदल बदल कर आख्या में लगा दिए जाते है।अगर कोई शिकायत कर्ता जांच आख्या को गलत एवं झूठा बताकर शिकायत करते है तो बुंदेलखंडी कहावत की पानी बरसे कही से निकलेगा तो नाली से ही।दुसरा कोई गवाहों के नाम और मोबाइल नंबर न लिखकर आस पास के लोगो से पूछताछ करना



जांच कर्ता तो वो थोड़ा ही बदलाव कर फिर से पूर्व की ही जांच आख्या लगा देता बदलाव के लिए किसी ने जांच में गवाहों के नाम और मोबाइल नंबर लिखे तो दूसरा जांच कर्ता लिखकर पूरी भाषा वही लिखता उसमे शब्दो का भी हेर फेर नही रहता पूर्व की तरह लिखकर भेज देता। ऐसी मऊरानीपुर कोतवाली पुलिस की जांच की कई शिकायते आ रही है। कई शिकायतो की जांच आख्या में जिसका नाम गवाहों में लिखा रहता है वो भी परेशान होकर अधिकारियों से शिकायत कर यह बताता फिरता कि मेरा नाम झूठ लिखा और एक बार नही कई जांचों में लिख दिया जाता तो उसे भी दबाया जाता और चुप कराया जाता या उससे बोल दिया जाता अब नही लिखेंगे नाम लेकिन शिकायत को वापिस ले को वरना कानून के रखवाले हम है और हम वर्दी वाले क्या कर सकते समझ जाओ।आखिर जांच कर्ता की जांच ही जांचकर्ता को ही दे दी जाती या फिर उसी थाने में किसी और को तो ये तो मुमकिन है स्टाफ स्टाफ का बचाव करते हुए शिकायत कर्ता को झूठा साबित कर देता है।इन सब बातो से धीरे धीरे संपूर्ण समाधान दिवस,समाधान दिवस व जन सुनवाई पर की गई शिकायतो पर पीड़ितो को न्याय न मिलने इन सबसे लोगो का विश्वास उठता चला जा रहा है आखिर कार वह यह कहते हुए भी नही चूकते कि शासन को पुलिस विभाग भी प्राइवेट लिमिटेड कर देना चाहिए ताकि किसी काम की फीस की रसीद तो मिल सके और काम की गारंटी तो मिल सके।आखिर पीड़ति के लिए बनाई गई शासन द्वारा सुविधाओ को पलीता लगाकर शासन को बदनाम करने से पीछे नहीं है मऊरानीपुर कोतवाली पुलिस। यदि कोई भी सक्षम अधिकारी जांच करता और शिकायत करता को आमने सामने बुलाकर दोनो के ब्यान लेने तो जांच रिपोर्टो की पोल खुल जाएगी लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी अपने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जांच नही करना चाहता है क्यों की बे सभी कही न कही ऐसी ही जांचों में लिप्त हैं

# आमरस डोसा से लेकर आइसक्रीम के पकौड़ों तक, ये थे इस साल के अजीब फूड कॉम्बिनेशन्स



**साल 2023 खत्म होने वाला है। जाते-जाते इस साल ने फूड लवर्स को कई अनोखे एक्सपीरिएंस दिए। सोशल मीडिया पर इस साल काफी अजीब फूड कॉम्बिनेशन्स देखने को मिले जिन्होंने इंटरनेट पर काफी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। जानें साल 2023 में कौन-कौन ले फूड आइटम्स सोशल मीडिया पर अपने अनोखे मिश्रण और स्वाद के लिए खूब वायरल हुए।**

हर साल अपने साथ कई नए अनुभव और यादें देकर जाता है। इस साल 2023 में भी कई सारी ऐसे चीजें देखने मिली, जिनके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं होगा। इन नई चीजों की लिस्ट में कई ऐसी हैं, जो लोगों को खूब पसंद आई, तो साथ ही, कुछ ऐसी भी हैं जिनसे लोगों के होश हो उड़ गए। इस साल ऐसे ही कई अजीबो गरीब फूड कॉम्बिनेशन ने लोगों को हैरान कर दिया। आइए जानते हैं किन अजीब फूड कॉम्बिनेशन्स ने इस साल लोगों की दिलचस्पी जगाई।

**फैन्टा मैगी**

सबकी फेवरेट मैगी का इस साल एक नया ही रूप देखने को मिला है। वैसे तो, मैगी को कई प्रकार से बनाया जाता है, जैसे- फ्राइड मैगी, वेजिटेबल मैगी, अंडा मैगी आदि, लेकिन इस साल सोशल मीडिया पर एक अनोखी मैगी वायरल हो रही थी। वह है फैन्टा मैगी। जी हां! इस मैगी को फैन्टा में मिलाकर बनाया जाता है। इस मैगी की वजह से लोगों के काफी वियरड रिएक्शन देखने को मिले।

**ओरीयो के पकौड़े**

ओरीयो कुकीज बच्चों को काफी पसंद होती है। इस साल इसकी एक बहुत ही अनोखी डिश देखने को मिली। वैसे तो यह अपने मीठे स्वाद के लिए जाना जाता है, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे ओरीयो के पकौड़ों ने सभी को चौंका दिया। बेसन में ओरीयो बिस्कुट को भरकर तला गया और इसके पकौड़े बनाए गए।

**आइसक्रीम के पकौड़े**

आइसक्रीम खाने में कितनी स्वादिष्ट होती है, यह तो आप जानते ही हैं। इसके अलग-अलग फ्लेवर्स लोगों का दिल लुभा लेते हैं, इन्हीं फ्लेवर्स में एक नया स्वाद जोड़ा आइसक्रीम के पकौड़ों ने। इस साल सोशल मीडिया पर यह आइसक्रीम के पकौड़े खूब वायरल हुए और लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

**डेरी मिल्क आमलेट**

डेरी मिल्क लोगों की फेवरेट चॉकलेट्स में से एक है, लेकिन लोगों ने इसके स्वाद के साथ कुछ नया करने का सोचा। इस साल सोशल मीडिया पर एक फूड स्टॉल में डेरी मिल्क का आमलेट बनाते हुए देखा गया। इस डिश पर लोगों का मिला-जुला रिएक्शन देखने को मिला।

**आमरस डोसा**

आमरस और डोसा ये दोनों डिशेज लोगों को खाने में काफी पसंद है, यह तो जानते हैं। लेकिन इस साल इन दोनों डिशेज को मिलाकर एक डिश बनाई गई, जिसका नाम है, आमरस डोसा। डोसे के ऊपर आमरस और चीज डालकर इस डिश को बनाया गया, जिसके बाद इंटरनेट पर यह खूब चर्चा का विषय बना।

# पैसे से कांग्रेस की सेहत नहीं सुधरेगी!

जो गांधी का मूल उद्देश्य था और देवीलाल का हमने बताया कि पैसा नहीं उसके पीछे जोड़ने की भावना? तो इसके लिए कांग्रेस को अपनी नई टीम सामने लानी होगी। एक साल से ज्यादा समय हो गया है, नए अध्यक्ष भी लिखना अब अजीब लगता है, पुराने हो गए उन खरगे जी की टीम अभी तक नहीं बनी है। गैर-जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं।हर पार्टी का अपना नेचर होता है। भाजपा में हवा हवाई बातें चल जाती हैं। मगर कांग्रेस में नुकसान कर जाती हैं। भाजपा के साथ एक तो मीडिया होता है दूसरे उसके और संघ के कार्यकर्ता जो इस बात को भी मिनटों में घर-घर पहुंचा सकते हैं कि गणेश जी दूध पी रहे हैं या राहुल पप्पू हैं और मोदी जो चाहे कर सकते हैं। लेकिन कांग्रेस के पास अगर ठोस बातें और जनपक्षीय कार्यक्रम नहीं हैं तो केवल प्रयोग के लिए प्रयोग से या प्रतीकात्मकता से उसे कोई फायदा नहीं होता उल्टा नुकसान ही होता है।

ईवीएम एक ऐसा ही प्रयोग था जिससे आज कांग्रेस ही सबसे ज्यादा परेशान है। ईवीएम कांग्रेस ही लाई थी। नोटा भी वही लाई। आरटीआई भी। ये सब उसके लिए घातक साबित हुए। बिना जनता के स्तर को ऊपर उठाए अति आदर्शवादी व्यवस्था, नए प्रयोग, उस पार्टी के लिए हमेशा नुकसानदेह होता है जिसे जनता वास्तविक आधारों पर जांचती है। कांग्रेस जब मनरेगा लाती है, किसानों की कर्ज माफी करती है तो लाभान्वित हुए लोगों के सीधे समझ में आता है। और वह 2009 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए को वापस ले आते हैं। मगर 2012 के बाद जब वही कांग्रेस अन्ना जी, अन्ना जी करने लगती है तो जनता उसे पसंद नहीं करती। अन्ना जी को लाने वाले ओरिजनल लोगों के साथ चली जाती है।

न विधानसभा चुनावों में हार के लिए ईवीएम एक कारण हो सकता है! होगा। लेकिन अगर ऐसा है तो कांग्रेस ने इसके खिलाफ कौन सी मुहिम शुरू की। आडवानी ने 2009 के चुनाव हार जाने के बाद बाकायदा इसके खिलाफ एक मुहिम शुरू की थी। अपने पार्टी के नेता जीवीएल नरसिम्हा राव से किताब लिखवाई थी। खुद उस ईवीएम विरोधी किताब की प्रस्तावना लिखी थी। मगर 2019 के लोकसभा चुनाव और उससे पहले 2017 में हुए कई विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस ने इस पर सवाल तो हमेशा उठाए मगर कोई निर्णायक आन्दोलन शुरू नहीं किया। हमें याद है 2017 के बाद जब राहुल कांग्रेस अध्यक्ष बन गए थे तो दिल्ली के इन्दिरा गांधी ओपन स्टेडियम के कांग्रेस सम्मेलन में उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने



इसके खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित किया था। मगर बाद में कोई फालोअप नहीं हुआ। कांग्रेस पूर्व ब्यूरोक्रेटस की, जो चुनाव कार्यों से जुड़े रहे, एक कमेटी बना सकती थी। उनसे जांच करवा सकती थी। कई रिटायर वरिष्ठ अफसरशाह कांग्रेस से जुड़े हुए हैं।मशीन में गड़बड़ी करने वालों को सख्त मैसेज दे सकती थी। जैसे गडकरी ने बोला था यूपीए के समय, जब उनकी जांच चल रही थी कि किसी भी अफसर को छोड़ेंगे नहीं। वैसे ही सख्त भाषा में बोल सकती थी। आखिर कोई भी डिपार्टमेंट हो, करता तो इंसान ही होगा ना ईवीएम में गड़बड़ी। उसे चेताया तो जा सकता है! मगर कांग्रेस ने हर हार के बाद बोला तो जरूर मगर कोई गंभीर पहल नहीं की। और फिर जनता के मन में यह भी सवाल उठता है कि 2014 में तो कांग्रेस बुरी तरह हारी। तब तो केन्द्र में उसी की सरकार थी। तब भी क्या ईवीएम मैनेज कर ली गई थी? और अगर कांग्रेस के शासन में कांग्रेस के ही खिलाफ ईवीएम मैनेज की जा सकती है तो फिर बात करना ही बेकार है!हालांकि इसमें इतने आश्चर्य की बात नहीं। 2012 से 2014 तक पूरी अफसरशाही, दूसरी संस्थाएं मीडिया सब पूरी तरह कांग्रेस के विरोध में हो गए थे। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 2012 से 2014 तक सबसे कमजोर सरकार रही। इतनी तो चन्द्रशेखर की सरकार भी कमजोर नहीं थी।सत्ता से बाहर कांग्रेस को दस साल हो रहे हैं। और दो हार के बाद तीसरा चुनाव 2024 सिर पर खड़ा है। मगर अभी तक वह अपनी असली समस्या को समझ नहीं पा रही है। मामला हार्ट और ब्रेन का है। नेताओं के कमजोर दिल और निहित स्वार्थी दिमाग का! मगर पार्टी कास्मेटिक सर्जरी कर रही है।अभी एक नया शिगूफा छेड़ा। क्राउड फंडिंग। राजनीति में यह सफल प्रयोग किया था देवीलाल ने। एक वोट एक नोट! जोर वोट पर था। नोट तो उनसे ज्यादा कोई खर्च कर नहीं सकता। उस समय जिप्सी नई गाड़ी आई थी। चुनाव में पुरानी महिन्द्रा और विलीज जीपें चलती थीं। गांवों में यही जा पाती थीं।

1989 में देवीलाल ने जनता दल के अपने सारे लोकसभा प्रत्याशियों के पास नई सफेद चमचमाती जिप्सी पहुंचा दी थीं। आज के उप राष्टपति जगदीप धनखड़ उसी समय अपना पहला चुनाव लड़े थे। और जीते थे। राजस्थान के झुन्झुनू से। खुद देवीलाल पड़ोस के सीकर से लड़ रहे थे। इसे शेखावाटी का इलाका कहते हैं।जाट बेल्ट। उस समय के लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ को हराया था। खैर वह बात वोट और नोट की थी। तो वोट तो मिले ही। और नोट तो प्रतीकात्मक था। तो सारी जिप्सियां वहीं कार्यकर्ताओं को दे आए थे।देवीलाल शाहखर्च थे। कांग्रेसी भी हैं। मगर दूसरे के पैसे खर्च करने में। अपना तो सब ने दबाकर रखा हुआ है। पता नहीं किस काम आएगा! जिनके पास रखा है वह कोई नहीं लौटाते हैं। बच्चे बेवजह परेशान होकर घूमते रहते हैं। इससे बेहतर है पार्टी को दे दें। मगर नहीं देंगे। पार्टी से और कुछ मिल जाएगा तो ले लेंगे।

खैर तो यहां कांग्रेस ने गांधी जी को याद किया है। मगर यह भूल गए कि गांधी महामितव्ययी थे। थर्ड क्लास में चलते थे। यहां तो हर नेता को

चार्टेड प्लेन चाहिए। शहर के सबसे अच्छे होटल का सबसे महंगा सुइट। बड़ी गाड़ी, सेवा में चार कार्यकर्ता। लगा लें हिसाब कांग्रेस कि जब पैसा नहीं है तो नेताओं ने जिनमें कुछ बड़े नेता छोड़ भी दो तो छोटे और मंझौले दर्जे के नेताओं के चुनाव में घूमने पर कितना खर्चा आया है। और कितने इन्होंने अपनी प्रदर्शनप्रियता और अफालतूनी रवैये से वोट कटवाए हैं। कितने भले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को गालियां दी हैं।अपनी क्राउड फंडिंग को गांधी जी के 1920- 21 तिलक स्वराज कोष से प्रेरित बताना तो ठीक है मगर उनकी तरह पाई-पाई का हिसाब क्या कांग्रेस दे पाएगी? जनता पैसे देगी तो क्या हिसाब नहीं मांगेगी?और फिर वही बात जो गांधी का मूल उद्देश्य था और देवीलाल का हमने बताया कि पैसा नहीं उसके पीछे जोड़ने की भावना? तो इसके लिए कांग्रेस को अपनी नई टीम सामने लानी होगी। एक साल से ज्यादा समय हो गया है, नए अध्यक्ष भी लिखना अब अजीब लगता है, पुराने हो गए उन खरगे जी की टीम अभी तक नहीं बनी है। गैर-जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं। अभी देखा कि कमलनाथ को जिन्हें पांच साल से ज्यादा कांग्रेस ने एकछत्र काम करने का मौका दिया। वह संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रभारी रणदीप सुरजेवाला कोव्यंग्तात्मक बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। शुक्र है सोनिया और राहुल पर अटैक नहीं किया। अपने बेटे नकुलनाथ का राजनीतिक भविष्य ध्यान में आ गया होगा।

यह हाल है कांग्रेसियों का। सब कुछ देने के बाद भी थैंकफुल होने के बदले थैंकलेस ही नहीं कटुता दिखाते हैं। कभी आडवानी, मुरली मनोहर जोशी या रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावड़ेकर, विजय गोयल या हां अभी ताजा शिवराज सिंह चौहान या वसुंधरा राजे के मुंह से एक भी शब्द नकारात्मक सुना!

कांग्रेस में ऐसे नेताओं की भरमार है बड़े नेताओं की जो सब कुछ पाकर भी पार्टी और नेता पर हमले करते हैं। प्रणव मुखर्जी को राष्टपति बनाया।

मगर संघ मुख्यलय नागपुर जा पहुंचे। बेटी को दिल्ली का चीफ स्पोकसपर्सन। मगर वह किताब लिखकर राहुल और सोनिया को कोस रही हैं। जी 23 इन कांग्रेसियों ने ही बनाया था ना! अब फिर कमजोर दिख रही है तो 23 से ज्यादा भी इकट्ठा हो जाएंगे।कांग्रेस की समस्या यह है, कृतघ्न नेता! जब तक मलाई मिलेगी चिपटे रहेंगे। फिर गालियां देंगे। इन पर सख्ती जरूरी है। थोड़े हों, कम हों पर विश्वसनीय हों। कार्यकर्ता राहुल के साथ हैं।

संपादकीय

# क्राउड फंडिंग से कांग्रेस का बढ़ेगा जनाधार

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस ने आर्थिक मदद के नाम से जनता से जुड़ने की अभिनव पहल की है। 28 दिसंबर को पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इससे पहले सोमवार को डिजिटल स्वरूप में आमजन से दान लेने की मुहिम की शुरुआत कर रहे हैं। %डोनेट फॉर देश% के नाम से संचालित होने वाले इस अभियान की महत्ता चुनाव लड़ने के लिए धन राशि एकत्र करने तक सीमित नहीं है, वरन उसका महत्व इसलिये भी है कि वह नये सिरे से आम लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ने जा रही है। इसके साथ ही देश की यह सबसे पुरानी पार्टी अपनी उस परम्परा को पुनर्जीवित करने जा रही है, जिसके बल पर दुनिया की सबसे विपन्न भारतीय अवाम के समक्ष विश्व के सर्वाधिक समृद्ध ब्रितानी हुकूमत को घुटने टेकने के लिये मजबूर होना पड़ा था।देश का स्वतंत्रता संग्राम छोटी-बड़ी मदद के बल पर लड़ा गया था। कांग्रेस को इस तरह जनता के सामने झोली फैलाने की ज़रूरत इसलिये आन पड़ी है क्योंकि उसका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी जैसे अति सम्पन्न राजनैतिक संगठन के साथ है। दशक भर में उसने जैसा पैसा एकत्र किया है और उसका वह व्यय करती हुई दिख भी पड़ती है, उसके सामने किसी भी सामान्य दल का टिके रहना मुश्किल है। अब तक कांग्रेस उसका जिस प्रकार से भी मुकाबला कर रही है, वह अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर ही, लेकिन 2024 का आम चुनाव लोकतंत्र के लिहाज से जिस प्रकार महत्वपूर्ण हो गया है, उसके चलते सम्भव है कि कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। देखना यही होगा कि जनता कांग्रेस की दान की अपील को कैसा प्रतिसाद देती है।शनिवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बताया कि %डोनेट फॉर देश% अभियान के अंतर्गत आमजन कांग्रेस को परम्परागत तरीकों के अलावा भुगतान के सभी डिजिटल माध्यमों के जरिये भी दान दे सकेंगे। इसके लिये एक अलग वेबसाइट भी बनाई गई है। कुछ ही दिनों में कार्यकर्ता घर-घर घूमकर चंदा एकत्र करेंगे। दान की न्यूनतम राशि 138 रुपये रखी गई है। यह सहयोग राशि उसके गुणा किये जाने वाली संख्या में अधिकतम कुछ भी हो सकती है, यानी 1380, 13800 और ऐसे ही आगे। यह राशि इसलिये चुनी गई है क्योंकि कांग्रेस अपनी स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। यह धन संग्रह मुहिम करीब एक सौ साल पहले (1920-21) महात्मा गांधी द्वारा देश की स्वतंत्रता के लिये चलाये गये तिलक स्वराज फंड से अभिप्रेरित बतलाई गई है।कांग्रेस को इस तरह के चंदा अभियान की आवश्यकता इसलिये महसूस हुई क्योंकि पिछले कुछ समय से भाजपा ने जहां खुद को आर्थिक दृष्टि से बेहद मजबूत किया है वहीं उसने विरोधी दलों को मदद राशि मिलने के सारे रास्ते यथासम्भव बन्द कर दिये हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट बताती है कि इलेक्टोरल बॉंड के जरिये प्राप्त हुए करीब 9188 करोड़ रुपये में से 5272 करोड़ रुपए अकेली भाजपा को मिले। शेष लगभग 1780 करोड़ रुपए अन्य 7 राष्टीय व 24 क्षेत्रीय दलों के पास पहुंचे। भारी-भरकम खर्चों से होने वाले चुनावी प्रचार अभियानों के माध्यम से भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को ही इतना खर्चीला कर दिया है कि किसी भी दल का उसके साथ मुकाबला करना बहुत मुश्किल हो गया है।

सत्ता हाथ में होने के कारण और उसकी आर्थिक नीतियों के चलते वह उद्योगपतियों व कारोबारियों की पसंदीदा पार्टी बन गई है। केन्द्र की सरकार उसकी अपनी होने के कारण देश के भीतर जहां उसके दफ्तरों के सामने चंदा देने वालों की कतारें लगती हैं, अन्य दलों द्वारा प्राप्त होने वाले धन पर उसकी वक्र दृष्टि होती है। उसके पास उपलब्ध केन्द्रीय जांच एजेंसियों का वह खुलकर उपयोग विपक्षी दलों व नेताओं के खिलाफ करती है। जिन पूंजीपतियों को उसने अपनी नीति से फायदा पहुंचाया है, उसके फलस्वरूप उसके पास पैसे की किल्लत होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यह चर्चा भी आम है कि नोटबन्दी की बहती गंगा में भाजपा ने अपने हाथ धोये हैं।

# कांग्रेस पश्चिम बंगाल में चुन सकती है तृणमूल के साथ गठबंधन का विकल्प

कांग्रेस आलाकमान की बात है, हिंदी पट्टी से पर्याप्त सीटें पाने की उसकी पहले की उम्मीदों को राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के नतीजों के बाद कुछ झटका लगा है। कांग्रेस बंगाल सहित किसी भी राज्य में अपनी मौजूदा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। यह देखना होगा कि क्या बंगाल कांग्रेस दिल्ली नेतृत्व के अनुरूप चलती है।

19 दिसंबर को नई दिल्ली में भारत के घटक दलों की बैठक की पूर्व संध्या पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों से उपलब्ध सभी संकेत बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान बंगाल में भाजपा से मुकाबले के लिए संयुक्त रूप से 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन बनाने की इच्छुक है।

इसका मतलब यह है कि अगर कांग्रेस-टीएमसी गठबंधन आकार लेता है तो कांग्रेस को राज्य स्तर पर सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ अपना गठबंधन खत्म करना होगा। अब तक कांग्रेस और सीपीआई (एम) दोनों राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी से लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में उनके शासन की आलोचना करने में सबसे मुखर रहे हैं। वह इस स्थिति पर कायम रहे हैं कि राज्य कांग्रेस सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ गठबंधन में भाजपा और टीएमसी दोनों से एक साथ लड़ेगी।वर्तमान लोकसभा में, कांग्रेस के पास दो, भाजपा के पास 17 और टीएमसी के पास 23 सीटें हैं। 1964 में अपने गठन के बाद पहली बार सीपीआई (एम) के पास बंगाल से लोकसभा में कोई सीट नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा को 18 सीटें मिलीं, लेकिन आसनसोल में बाद में हुए चुनावों में, टीएमसी ने भाजपा को हरा दिया और इसलिए भाजपा की ताकत घटकर 17 हो गई। इसके अलावा 2019 के एक और भाजपा विजेता अर्जुन सिंह ने भाजपा छोड़ दी और तृणमूल में शामिल हो गये, हालांकि आधिकारिक तौर पर वह अभी भी भाजपा के लोकसभा सदस्य माने जाते हैं। वहीं, बंगाल विधानसभा में भाजपा के विपक्षी नेता शुभेन्दु अधिकारी के पिता और काठी लोकसभा सांसद सिसिर अधिकारी ने टीएमसी से नाता तोड़ लिया है तथा वह अब अपने बेटे का समर्थन कर रहे हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से पिछले पांच वर्षों में बंगाल के चुनावी परिदृश्य में टीएमसी के पक्ष में काफी बदलाव आया है। 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजों से पता चला कि टीएमसी दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में भाजपा से अपना खोया हुआ आधार वापस पाने में सफल रही है, लेकिन उत्तर बंगाल में भाजपा का प्रभाव अभी भी बना हुआ है। टीएमसी ने खुद अपना सर्वेक्षण किया है और




उससे पता चला कि उत्तर बंगाल की छह लोकसभा सीटों पर जहां 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी, वहां टीएमसी अपने दम पर उन्हें हराने की स्थिति में नहीं है, लेकिन अगर कांग्रेस के साथ गठबंधन होता है, तो छह में से कम से कम पांच सीटों पर भाजपा को हार मिल सकती है। सच तो यह है कि कांग्रेस अपने दम पर कोई भी सीट जीतने की स्थिति में नहीं है, लेकिन उत्तर बंगाल की कुछ सीटों पर उसका वोट आधार 5 फीसदी से 12 फीसदी के बीच होने से टीएमसी-कांग्रेस गठबंधन को जीत मिल सकती है।

जहां तक कांग्रेस आलाकमान का सवाल है तो सूत्रों का कहना है कि उसका अपना आकलन कथित तौर पर दिखाता है कि कांग्रेस और सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा का गठबंधन एक साथ टीएमसी से लड़कर भाजपा को हराने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस के अध्ययन में हाल के चुनावों में सीपीआई (एम) के वोट शेयर का विश्लेषण किया गया है। इसका आकलन बताया गया है कि अगर टीएमसी और सीपीआई (एम) के बीच कोई विकल्प चुनना है, तो 2024 के लोकसभा चुनावों में सीटों की बढ़ोतरी निश्चित करने के लिए टीएमसी के साथ गठबंधन कांग्रेस के लिए वांछनीय है।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 4 दिसंबर को टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ अपनी बातचीत में विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों को बंगाल में संयुक्त रूप से लड़ने की आवश्यकता का उल्लेख किया था, जिस पर वह सहमत हुई और उन्हें जल्द से जल्द सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू करने के लिए कहा। दोनों ने 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा को आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, टीएमसी ने चर्चा के पहले चरण में कांग्रेस को तीन सीटों की पेशकश की है, दो वर्तमान सीटें बरहामपुर और मालदह दक्षिण भी शामिल है। इसके अलावा खबर है कि टीएमसी ने कांग्रेस को रायगंज सीट की पेशकश की है। यह सीट अब भाजपा के पास है। कांग्रेस कम से कम छह सीटों की तलाश में है। लेकिन टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की सीटों में और बढ़ोतरी इस बात पर निर्भर करेगी कि कांग्रेस असम में टीएमसी को एक सीट और मेघालय में एक सीट पर सहमत होगी। ध्यान रहे कि असम में 14 लोकसभा सीटें और मेघालय को दो लोकसभा सीटें हैं।

टीएमसी उत्तर बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो भाजपा का सबसे मजबूत क्षेत्र और टीएमसी के लिए सबसे कमजोर क्षेत्र है। दक्षिण बंगाल के जिलों में अब टीएमसी का दबदबा कायम है जहां भाजपा को हराने के लिए पार्टी को वस्तुत- किसी समर्थन की जरूरत नहीं है। लेकिन उत्तर बंगाल के जिलों में 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा की ताकत में थोड़ी गिरावट आई है। फिर भी यह अच्छी संख्या में सीटें पाने के लिए पर्याप्त है। उत्तर बंगाल के जिलों की छह सीटों में अलीपुर दुआर, बालुरघाट, कूचबिहार, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और रायगंज शामिल हैं। इन सीटों पर भाजपा का वोट शेयर 59 फीसदी से लेकर न्यूनतम 40 फीसदी तक रहा था।

2014 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी को कुल 42 सीटों में से 34 सीटें मिली थीं, जो 2019 के चुनाव में वह घटकर 22 सीटों पर आ गई। अब टीएमसी फिर से 34 सीटों की उस ताकत को बहाल करने पर काम कर रही है। जहां तक कांग्रेस आलाकमान की बात है, हिंदी पट्टी से पर्याप्त सीटें पाने की उसकी पहले की उम्मीदों को राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के नतीजों के बाद कुछ झटका लगा है। कांग्रेस बंगाल सहित किसी भी राज्य में अपनी मौजूदा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। यह देखना होगा कि क्या बंगाल कांग्रेस दिल्ली नेतृत्व के अनुरूप चलती है या आलाकमान प्रदेश पार्टी नेतृत्व को संगठन के हित में वाम मोर्चा के साथ गठबंधन करने की अनुमति देता है।

## 26 दिसम्बर को 22 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 दिसम्बर को 22 ग्राम पंचायतों के भ्रमण पर रहेगी। इस दौरान यात्रा सेगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत देवली और केली में, खरगोन विकासखंड की ग्राम पंचायत सिनखेड़ा और गावसन में, भीकनगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत एकतासा और चिरागपुरा में, भगवानपुरा की विकासखंड की ग्राम पंचायत थरड़पूरा और देजला में, झिरन्या विकासखंड की ग्राम पंचायत भावसिंगपूरा और मिटावल में, सनावद सर्कल की ग्राम पंचायत ड़सगांव भानबरड और रूपखेड़ा में, महेश्वर विकासखंड की ग्राम पंचायत चोली और बरलाय (बेरफड़) भामपुरा में, बड़वाह विकासखंड की ग्राम पंचायत सिरलाय और नांदिया में, कसरावद विकासखंड की ग्राम पंचायत काटकुर (एकलधारिया) और बालसमुद (मेजमपुर) में, पिपलगोन सर्कल की ग्राम पंचायत उटावद और चंदनपुरी में तथा गोगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत पेनपुर और पेपरखेड़ा ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आयोजित होंगे।

## एकलव्य विद्यालय के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

जनजातीय कार्य विभाग जिला खरगोन द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्रों के हॉकी और खो-खो का दल गत दिनों एकलव्य विद्यालय समिति द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए थे। जिसमें जिले के विद्यालय ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में पूरें प्रदेश की समस्त क्षेत्रों से आयी टीम को 3-1/4-0 और 3-0 से परास्त करते हुए एकतरफा जीत हासिल कर जिले का परचम लहराया।आज विजेता दल द्वारा प्रदेश से प्राप्त ट्रॉफी जिले के सहायक आयुक्त श्री



प्रशांत आर्या को प्रदान की गई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त श्री आर्या द्वारा खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर बधाई दी गई। उक्त दल के विजेता होने पर जिले के 09 छात्र हॉकी एवं 01 छात्र का खो-खो में चयन हुआ है जो भोपाल में आयोजित प्रीनेशनल कैम्प में भाग लेंगे। वही 08 जनवरी को मैसूर कर्नाटका में एकलव्य समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर चयनित छात्रों में अनिल ओहरिया, गौतम रंधावे, राहुल चौहान, राजा चौहान, मिलिन्द सोलंकी, पंचम अवासे, सौरभ बाथम आदि को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने पर शुभकामनाए प्रदान की।इस अवसर पर सहायक संचालक श्री एबी गुप्ता, क्रीडा अधिकारी श्री अश्विन गुप्ता, हॉकी संघ के श्री इकबॉल खान तथा टीम के प्रशिक्षक श्री प्रवीण किरावर उपस्थित थे।

## जात्रा महोत्सव में बच्चों को शिक्षण साम्रगी का किया वितरण

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू। जय कर्नाटक संघ विजयानंदेश्वर नगर द्वारा जय कर्नाटक जात्रा महोत्सव का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर देवी मां के दर्शन किए, मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने होंणलामा देवी, अणामा देवी एवं सर्किल मारामादेवी की विशेष पूजा अर्चना कर बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित की. संघ के गंगाधर एवं अन्य सदस्यों ने मुणोत को सम्मानित किया।



## अटल जी आधुनिक भारत के सच्चे निर्माता थे गांव गांव मनाया गया जन्मदिन।

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

मौं, देश के गौरव भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के 99 बे जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं द्वारा 67 बूथ केंद्रों पर अटल जी का जन्मदिन मनाया गया मौं नगर में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह के नेतृत्व में अस्पताल परिसर में मरीजों को फल वितरित किये गये। एवं अस्पताल परिसर में स्थित मंदिर प्रांग? में स्वच्छता अभियान चलाया गया एंव मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह के निबास पर कार्यकर्ताओं ने अटल जी के जन्मदिन को सुशासन एवं सेवा दिवस के रुप में मनाया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पार्टी के जिला मंत्री फरेन्द सिंह सिकरबार उपस्थित थे। अध्यक्षता मंडल



अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पार्टी के बरिष्ट नेता फरेन्द सिह ने।कहा की अटल जी आधुनिक भारत के सच्चे निर्माता थे उनके प्रधानमंत्री काल में देशभर में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत जिस प्रकार गांव गांव में सड़कों का जाल बिछाया गया इससे आज ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ है अटल जी भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे वो राजनीति में ईमानदारी जनकल्याण एवं आमजन की चिंता करने वाले राजनेता थे ।इस अबसर पर सभी अतिथियों का स्वागत मंण्डल महामंत्री सुल्तान मौर्य ने किया।एंव आभार प्रकट राजू मिश्रा ने किया इसके अलावा अलग-अलग पंचायतों में अलग-अलग बूथ केंद्रों पर बूथ अध्यक्ष एबम प्रभारी की उपस्थिति में अटल जी का जन्मदिन सेवा एवं स्वशासन दिवस के रूप में मनाया गया एबम सेवा कार्य किये गये। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुवीर पवैया फरेन्द सिह सिकरवार मर्जाद सिंह यादव मेहबूब खांन महेंन्द परिहार राम यादव पर्वत जादोंन धर्मेन्द राणा रामख्तयार गुर्जर सोमबीर सिबहरे रामू कुशबाह शतीष परिहार संतोष यादव सोनू खांन आगम जैंन अम्रतलाल खटीक संतोष खटीक पूरन गोयल बलबीर गोयल अरुण बाल्मिक देविन्द जाटव रामकुमार जादौंन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आज राजभवन में माननीय राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की गरिमामयी उपस्थिति में मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।





**पुष्पांजलि टुडे राजेश कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ सतना**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने नवनिर्वाचित 18 विधायकों को कैबिनेट मंत्री, 6 विधायकों को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 4 विधायकों को राज्य मंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

डॉ मोहन यादव मंत्रिमंडल में ये बने मंत्री

राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने दिलाई शपथ

कैबिनेट मंत्री -

1-प्रदुम्न सिंह तोमर, ग्वालियर

2-तुलसी सिलावट

3- एंदल सिंह कसाना

4-नारायण सिंह कुशवाह, ग्वालियर

5-विजय शाह

6-राकेश सिंह, जबलपुर

7-प्रह्लाद पटेल, नरसिंहपुर

8-कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर-1

9-करण सिंह वर्मा, इछावर

10-संपतिया उईके, मंडला

11-राव उदय प्रताप सिंह, गाडरवारा

12-निर्मला भूरिया, पेटलावद झाबुआ

13-विश्वास सारंग, नरेला भोपाल

14-गोविंद सिंह राजपूत, सुरखी सागर

15-इंदर सिंह परमार

16-नागर सिंह चौहान, अलीराजपुर

17-चैतन्य कश्यप, रतलाम

18-राकेश शुक्ला, मेहगांव भिंड

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )

19-कृष्णा गौर, गोविंदपुरा भोपाल

20-धर्मेंद्र लोधी, जबेरा दमोह

21-दिलीप जायसवाल

22-गौतम टेटवाल

23- लखन पटेल, दमोह

24- नारायण पवार

राज्यमंत्री -

25--राधा सिंह, चितरंगी सीधी

26-प्रतिमा बागरी, रैगांव सतना

27-दिलीप अहिरवार, चंदला छतरपुर




28-नरेन्द्र शिवाजी पटेल, उदयपुरा

सतना जिले की रैगांव विधानसभा को दूसरी बार मिला मंत्री पद। पहले जुगुल रहे हैं मंत्री अब प्रतिमा बागरी बनीं मंत्री। ली पद और गोपनीयता की शपथ।

## बरौंधा प्रीमीयर लीग 5डिफेंडिंग चैंपियन अमिलपुर का विजई आगाज



**पुष्पांजलि टुडे राजेश कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ सतना**

बरौंधा मे खेले जा रहे बीपीएल क्रिकेट लीग मे आज खेले गए मुक़ाबले में अमिलपुर लायंस ने बजरंग एलेवेन को 55 रनों से हरा कर अगले दौर के लिए मजबूत दावेदारी पेश कर दिया है, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए अमिलपुर ने 16 ओवरों में 166 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा पारी की शुरुआत करने आए ब्रजबला और लल्ला ने शानदार शुरुआत की शुरू के 5 ओवर में ही 63 रन बनाकर अपने इरादे स्पस्ट कर दिए लेकिन पारी का सातवां ओवर लेकर आए दारा ने मेडन रखते हुए 3 विकेट हासिल किए और एक समय 63 रन बिना विकेट के बनाने वाली अमिलपुर 69 रनों पर 5




विकेट खो दिए लेकिन अनूप ने अपनी टीम को सम्हाला और एक एक दो दो रन कर टीम को 100 रन तक पहुंचाया और टीम को दबाव से निकाला, आखिरी के ओवरों में लम्बे लम्बे शॉर्ट लगाकर टीम को 166 रनों तक पहुंचाया।लक्ष्य का पीछा करते हुए बजरंग एलेवेन ने पावर प्ले के अंदर ही अपने 4 विकेट 38 रनों पर गवां दिए बाद में सचिन हलावन और दारा ने कुछ लम्बे लम्बे हाथ जरूर दिखाए लेकिन पहाड़ जैसे लक्ष्य के सामने घुटने टेक दिए और अंततः 55 रनों से हार गईआज के मैच के मुख्य अतिथि संजय शुक्ला जी रहे मुख्य अतिथि ने अमीलपुर टीम को जीत पर ?1000 और उपविजेता बिरसिंहपुर को?500 का नगद पुरस्कार दिएमैन ऑफ द मैच अनूप सिंह

## ग्राम पंचायत जिगदहा में हो रहा सड़क निर्माण कार्य चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट





**मनीष कुमार पटेल की पुष्पांजली टुडे की खबर**

पन्ना जिले की देवेंद्र नगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जिगदहा की जिगदही मोहल्ले में चल रहा सीसी सड़क निर्माण में हो रहा घटिया कार्य जिसमे जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान जिसमे सरपंच ,सचिव की मिली भगत से हो रहा घटिया प्रकार का कार्य जिससे ग्राम वासियों द्वारा आपत्ति जताई गई है। लोगों का कहना है की जो नाली निर्माण हो रहा है उसमें घटिया प्रकार का पदार्थ उपयोग किया जा रहा है साथ ही जो प्राथमिक शाला जग दही है उसे पर भी जो बाउंड्री वॉल है लोगों का कब्जा है उसको नहीं हटाया जाता है अतिक्रमण कार्यों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है जिसको प्रशासन संज्ञान में लेकर अतिक्रमण हटाकर कार्य करवाए और सरपंच एवं सचिव पर जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही कर ग्राम वासियों को समस्या का निधन करवा ऐसा ग्राम वासियों का भरोसा है की शासन और प्रशासन जरूर ध्यान देगा।ध्यान देने योग्य यह बात है की क्या प्रशासन कितना संज्ञान लेता है क्या ग्राम पंचायत की समस्या समाप्त होगी या ग्रामवासी इंतजार ही करते रहेंगे यह तो समय आने पर ही बताएगा

## मोहन सरकार मंत्रिमण्डल में महिला, अनुसूचित जाति/जनजाती सदस्यों को उनके जनसंख्या के अनुपात में स्थान नहीं दिया गया : उमंग सिंघार

### नवनियुक्त मंत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नए मंत्रिमण्डल के सभी साथियों को बधाई और शुभकामनाएं दी एव अपेक्षा की सभी मंत्रिमण्डल के सदस्य प्रदेश के विकास में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर सभी को चौकाया था, पर मंत्रियों के नाम पर जिस तरह की कवायद की गई,उससे स्पष्ट हो गया कि पार्टी दिग्गजों के कितने दबाव में है। तीन बार मुख्यमंत्री को दिल्ली बुलवाकर



नाम जुड़वाए और कटवाये गये। इनमें कई नेता ऐसे हैं, जो मुख्यमंत्री से भी सीनियर हैं, ऐसे में निश्चित रूप से मुख्यमंत्री के लिए उनसे तालमेल बैठाना आसान नहीं होगा। श्री सिंघार ने कहा कि यहां तक तो ठीक पर शपथ वाले दिन तक कई नाम बदले गए। मंत्रियों के लिए कई फार्मूले बनाये गये, पर सब कुछ धरा रह गया। प्रदेश के कई इलाके मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व से वंचित रह गये। यहां तक कि आदिवासी जिले धार को भी प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। मोदी सरकार 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने के लिए विधेयक पारित करा दिया किंतु मंत्रिमण्डल में मात्र 04 महिलाओं को सदस्य बनाया गया है, जबकि 09 महिला सदस्यों को मंत्री बनाया जाना था।श्री सिंघार ने कहा कि सबसे अधिक मतों से जीतने वाले रमेश मेंदोला को मंत्री न बनाकर के कैलाश जी और उनके बीच में दरार पैदा कर दी गई एवं नौ बार से लगातार जीतने वाले कद्दावर विधायक गोपाल भार्गव को मंत्रिमण्डल से बाहर का रास्ता दिखाने से प्रदेश के ब्राम्हण समाज को नाराज कर दिया। इसी तरह से भूपेन्द्र सिंह,बृजेन्द्र प्रताप सिंह,जयंत मलैया आदि कद्दावर विधायकों को मंत्रिमण्डल से दूर रखा गया है। जिससे मोहन सरकार असंतुलित रहेगी।

## क्रेशर संचालक की चल रही तानाशाही किसान व बस्ती वाले हो रहे परेशान

**पुष्पांजली टुडे**

**सतना।** रामपुर बघेलान तहसील मे कई क्रेशर अवैध रूप से चल रही है न क्रेसर का कोई कागज ना जमीन की लीज .लीज भी है पर जहां लीज है वहां पत्थर का खनन नहीं किया जाता गायत्री क्रेशर स्टोन झिरिया कोठार एवं प्रभात कसर स्टोन ककलपुर जो शासन के नियमों का मिट्टी पालुड में लगे हैं मध्य प्रदेश शासन की गाइड लाइन है क्रेशर की बाउंड्री वॉल 13 फीट आसपास पेड़ पौधे और पानी की तराई हर कन्वेयर में पानी से स्पेयर किया जाए ताकि आसपास उनका धूल टेस्ट न बहर असर ना करे लेकिन इनके



विपरीत हर क्रसर में देखा जा रहा है ककलपुर पंचायत में धुआंधार प्रसार चलाई जा रही है ना तो पानी का छिड़काव किया जाता क्रेशर संचालक सुभेंद्र सिंह के द्वारा गहरी ब्लास्टिंग की जाती है 15/20फिट बगैर किसानो को किसी के सूचना दिए कभी भी जिसका कोई समय सीमा नहीं है बगैर नियम के ब्लास्टिंग की जाती है किसानो के खेतो जो बोर हैं वह ब्लास्टिंग के कारण समरसेबल फंसे हुए हैं पानी क्षमता कम हो गई है और नए बोर मे दरार हो जाती है यहां तक की जो नए मकान बने हुए हैं उसमें भी दरार हो गई है वहीं बगल में बस्ती है जहां 200 के लगभग निवासत हैं जबकि धूल टेस्ट से परेशान है दिनों दिन बीमारी से ग्रसित हैं फसल धूल से पढ़ चुकी है फसल नहीं हो रही अगर अगर क्रशर संचालक से बात किया जाए तो वह तानाशाही करते हैं कहते हैं मध्य प्रदेश शासन पर्यावरण विभाग खनिज विभाग मेरे जेब में है हम हर महीने खनिज विभाग को पैसा देते हैं जो मेरी मर्जी होगी वही करेंगे जो मध्य प्रदेश की गाइडलाइन है उनको ना ध्यान देखते हुए अगर खनिज विभाग का उड़न दस्ता जाता है सिर्फ ऑफिस तक सीमित रहता है और मोटी रकम लेकर वापस हो जाता है किसने की आवाज को दबा दिया जाता है लेकिन अब ऐसा नहीं होने वाला है किसान अब निश्चय कर लीया है कि अब अपने तानाशाही में बाज नहीं आएंगे तो धरना प्रदर्शन करने में मजबूर होंगे

## जिले में अब तक 110147.05 टन धान की खरीद

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा। किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले भर में गोदाम स्तर पर बनाए गए निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से धान का उपार्जन किया जा रहा है। धान का उपार्जन सहकारी समितियों द्वारा किया जा रहा है। जिले में अब तक 18263 किसानों से 110147.05 टन धान का उपार्जन किया गया है। इसके लिए किसानों को 24045.1 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। किसानों को शीघ्र ही उनके बैंक खाते में राशि का भुगतान किया जाएगा। अब तक 39909 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं। उपार्जित धान खरीदी केन्द्रों से मिलिंग के लिए मिलर्स को दी जा रही है। इसके लिए सभी खरीदी केन्द्रों से निकटवर्ती धान मिलों की मैपिंग की गई है। शेष बची हुई धान का गोदामों में सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। पंजीकृत किसानों से 19 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जाएगी।



शिक्षकों को यह बात दिमाग में रखकर काम करना चाहिए कि बच्चों के पास कौन से संसाधन उपलब्ध होंगे। उसके हिसाब से ही बच्चों को काम दें। साथ ही शिक्षकों की प्राथमिकता ऐसी रचनात्मक गतिविधियां कराना होना चाहिए कि बच्चों का स्क्रीन टाइम घट सके।

# ऐसे बने घर में अपने बच्चों के टीचर

ग्लोबल टीचर प्राइज जीतने वाली ब्रिटेन की शिक्षिका एंड्रिया जाफिरकाऊ कहती हैं कि आभासी तरीके से बच्चों को पढ़ाना कठिन है क्योंकि कक्षा का माहौल बच्चों को एकाग्र बनाता है। वह कहती हैं कि इस वक्त शिक्षकों को यह बात दिमाग में रखकर काम करना चाहिए कि बच्चों के पास कौन से संसाधन उपलब्ध होंगे। उसके हिसाब से ही बच्चों को काम दें। साथ ही शिक्षकों की प्राथमिकता ऐसी रचनात्मक गतिविधियां कराना होना चाहिए कि बच्चों का स्क्रीन टाइम घट सके। वे घर में रंग, कागज, कलम और रोचक खेल खेलते हुए समय बिताएं।

कोरोना वायरस की इस लड़ाई ने मासूम बच्चों को उनके स्कूल, टीचर और दोस्तों से दूर कर दिया है। पर बच्चों के लिए सबसे जरूरी उनकी पढ़ाई है इसलिए कोविड-19 से लड़ रहे देशों में ई-लर्निंग को वैकल्पिक माध्यम बनाया जा रहा है। इस तकनीक के बाबजूद अभिभावकों के लिए यह समय चुनौतीभरा है क्योंकि बच्चों को पढ़ाने का दारोमदार पूरी तरह उन पर आ गया है। आइए आज जानते हैं कि अभिभावक घर में रहकर अपने बच्चों को ई माध्यमों से पढ़ाई के लिए किस तरह प्रोत्साहित कर सकते हैं और शिक्षक की भूमिका निभा सकते हैं।

**अरब दुनिया के बच्चे स्कूल से हैं दूर-** विश्व आर्थिक मंच ने संस्कृति व शिक्षा से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ कोरोना वायरस के दौर की चुनौतियों पर चर्चा की। इस दौरान वहां मौजूद शिक्षकों ने माना कि अपने बच्चे को पढ़ाना दुनिया में सबसे ज्यादा कठिन काम है क्योंकि वह अभिभावक की जगह शिक्षक से पढ़ने का आदी होता है। ऐसे में अभिभावकों की चुनौतियां बहुत अधिक हैं, इन विशेषज्ञों ने अभिभावकों के लिए ये सुझाव दिए हैं.

**सवाल पूछने दें -** रचनात्मकता सवालों से पैदा होती है, बच्चों के हर सवाल को धैर्य से सुने और उसका हल खोजने में उनकी मदद करें।

**लक्ष्य तय करें -** हर दिन के लिए एक लक्ष्य या चुनौती तय करें, जिससे बच्चों के साथ मिलकर पूरा करने में लग जाएं। उन्हें पूरा समय दें।

**री-डू सिखाएं -** घर में पड़े इस्तेमाल न होने वाले सामान को निकालकर बच्चों संग उससे कुछ रचनात्मक बनाएं इससे बच्चों में पुरानी चीजों के दोबारा इस्तेमाल की आदत बनेगी।

**ऑनलाइन मदद -** पढ़ाई या कुछ रचनात्मक बनाते समय ऑनलाइन माध्यमों की मदद लेने से न झिझकें, हर वक्त बच्चों के सामने परफेक्ट दिखने सही नहीं। अलग सोचे - बच्चों की आर्ट, क्राफ्ट से बाहर की रचनात्मक दुनिया से पहचान करवाएं। कपड़े कैसे तय करें, कमरे की सफाई, किचन आदि काम सिखाएं।

**स्कूल वापसी -** इस बात को सुनिश्चित करें कि बच्चे अपने शिक्षक और दोस्तों के संपर्क में बने रहे क्योंकि तब ही उनके मन में स्कूल वापस लौटने का ख्याल बना रहेगा।

**तकनीक सीखें -** ई-लर्निंग के जरिए अगर बच्चा पढ़ रहा है तो इस दौरान उसे तकनीक संबंधी समस्या आ सकती है इसलिए बच्चे के साथ मिलकर इन तकनीकों को सीखें।





# सब्जी में ऊपर से नमक डालना हो सकता है खतरनाक

नमक, स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी उपयोगी है। मगर, हर चीज की एक तय सीमा होती है। इसी तरह नमक से ज्यादा प्यार भी आपकी सेहत के लिए हजारों खतरे पैदा कर सकता है। बेशक आपको नमक इतना पसंद है कि आप सब्जी में ऊपर से नमक डालने को मजबूर हो जाती हैं, लेकिन इस आदत के जरिए आप अनजाने ही कई बीमारियों को न्योता दे रही होती हैं।

खाना बनाते वक्त नमक सबसे पहले याद आता है। आप चाहे जितने भी अच्छे और खुशबूदार मसाले डाल लें, लेकिन अगर खाने में नमक नहीं है, तो सारा खाना बेस्वाद हो जाता है। बेशक आप सब्जी में ऊपर से नमक डालने को मजबूर हो जाती हैं, लेकिन इस आदत के जरिए आप अनजाने ही कई बीमारियों को न्योता दे रही होती हैं।

## नमक और आपकी सेहत

नई दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ.जुगल किशोर कहते हैं, 'नमक हमारे शरीर की इलेक्ट्रोलाइट संबंधी जरूरतों को पूरा करता है यानी इससे हमें सोडियम, पोटैशियम और कैल्शियम मिलता है। इसके अलावा इससे आयोडीन भी मिलता है। लेकिन, खाने में नमक ज्यादा हो जाए तो भी दिक्कत है और कम हो तो भी दिक्कत है। रोजाना की खुराक में नमक यानी सोडियम क्लोराइड की मात्रा पांच ग्राम से कम होनी चाहिए। अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि नमक ज्यादा खाने की आदत के साथ रक्तचाप संबंधी समस्या भी बढ़ने लगती है। जितनी भी दिल से जुड़ी बीमारियां हैं, वे रक्तचाप के कारण ही होती हैं। इसके अलावा नमक के ज्यादा सेवन से किडनी पर भी दबाव पड़ता है। उच्च रक्तचाप का मस्तिष्क पर भी असर पड़ता है। यानी शरीर के जो मुख्य अंग हैं, वे ज्यादा नमक के सेवन से प्रभावित होने लगते हैं। यही वजह है कि नमक का सेवन संतुलित मात्रा में करने की सलाह दी जाती है। एक और बात को ध्यान में रखने की जरूरत है, रोटी, चावल, दलिया आदि खाद्य पदार्थों में प्राकृतिक तौर पर सोडियम मौजूद होता है। ऐसे में इनमें नमक न भी डाला जाए तो भी सोडियम की पूर्ति हो जाती है। उच्च रक्तचाप के मरीज को भी चार से पांच ग्राम नमक ही दिन भर में खाना चाहिए। सेहतमंद रहने के लिए किसी भी डिश में ऊपर से नमक डालकर खाने की आदत को भी बदलना जरूरी है।

## मात्रा तय करें

खाना बनाते वक्त आप उसमें कितना नमक डाल रही हैं, उसकी मात्रा को देखना एक अच्छा आइडिया है। कितने लोगों के लिए सब्जी पकाई जा रही है, उसे किस तरह से पकाया जा रहा है, नमक डालते वक्त इन सब बातों को जरूर ध्यान में रखें। अगर आपके परिवार के सदस्यों को ज्यादा नमक खाने की आदत है तो धीरे-धीरे खाने में नमक की मात्रा कम करती जाएं। संभव है कि शुरुआत में उन्हें परेशानी हो, पर जल्द ही उन्हें कम नमक वाला खाना भी पसंद आने लगेगा। मसाले, टमाटर और धनिया व पुदीना आदि भी खाने में नमक की कम मात्रा को संतुलित करने में आपकी मदद करेंगे। इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर में सीनियर डाइटीशियन डॉ.हिमांशी शर्मा के मुताबिक, 'इसमें कोई दोराय नहीं है कि आयोडीन युक्त नमक हमारी सेहत के लिए जरूरी है। गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ होने वाले शिशु की सेहत पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे दिमाग चुस्त-दुरुस्त रहता है और याददाश्त मजबूत बनी रहती है। लेकिन कुछ लोग रोजाना के खाने में ज्यादा नमक का सेवन करने लगते हैं। यह मात्रा कई बार रोजाना नौ से दस ग्राम नमक के सेवन तक पहुंच जाती है। रोजाना की डाइट में नमक की मात्रा पांच ग्राम तक ही सीमित रखें। हमेशा याद रखें कि बिना डॉक्टरी सलाह के कभी भी नमक का सेवन पूरी तरह से बंद नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से भी आपको सेहत से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं।'

## विकल्प हैं बेहतर

अगर आपको ज्यादा नमक खाने की आदत है, तो इससे निजात पाने के लिए नमक के अन्य विकल्पों पर अपना ध्यान केंद्रित करें। इसके लिए आप नीबू और सिरका की मदद ले सकती हैं। स्वाद के लिहाज से नमक की कमी को यह काफी हद तक पूरा करते हैं। अदरक, लहसुन और कुछ सूखे मसाले भी इसमें मददगार साबित हो सकते हैं। बेशक ये नमक का विकल्प नहीं बन सकते हैं, लेकिन नमक की ज्यादा खाने की जो लत है, उसे कम करने में ये चीजें काफी मददगार साबित हो सकती हैं।

**बदलें खाना पकाने का तरीका**

कुछ सब्जियां और व्यंजन ऐसे होते हैं, जो लोगों को कम ही पसंद आते हैं। कई बार उनका स्वाद बढ़ाने के लिए हम उसमें नमक ज्यादा मात्रा में डालने लगते हैं। सलाद में ज्यादा मात्रा में नमक डालना, खाने के साथ सब्जी की तरह ढेर सारा अचार खाना आदि पहली नजर में बेहद सहज लगता है, पर धीरे-धीरे खानपान से जुड़ी ये आदतें हमारे शरीर में प्रतिदिन पांच ग्राम से ज्यादा नमक पहुंचाने लगती हैं। इसका असर सेहत पर देर-सबेर नजर आने लगता है। ऐसे में जरूरत है खाना पकाने का तरीका बदलने की। आपके परिवार के सदस्य जिन सब्जियों का नाम सुनकर ही मुंह बनाने लगते हैं, उन्हें अब दूसरे तरीके से पकाकर देखिए। सादा तरीके से उन सब्जियों को बनाने की जगह उन्हें रोस्ट या ग्रिल करके पकाएं। इससे खाना स्वादिष्ट भी लगेगा और नमक पर भी नियंत्रण बना रहेगा।

## प्रोसेस्ड फूड से बनाएं दूरी

रेडी-टू-ईट फूड और तरह-तरह के प्रोसेस्ड फूड को अपनी डाइट में कम-से-कम मात्रा में शामिल करें। इनमें नमक और चीनी दोनों की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। इसकी जगह घर में बने ताजा खाने को तरजीह दें। सही मात्रा में नमक के सेवन का यह सबसे अच्छा तरीका है। आप अपनी डाइट में सेहतमंद खाद्य पदार्थों को जितनी ज्यादा मात्रा में शामिल करेंगी, नमक की मात्रा उसी अनुपात में संतुलित होती जाएगी।

## न करें यह गलती

फल खा रहे हों या सलाद या फिर सामान्य तौर पर खाना। नमक कम लगने पर हम ऊपर से नमक डालने लगते हैं। यह सेहत के लिए ठीक नहीं है। एक तो नमक ज्यादा मात्रा में शरीर में पहुंचता है, वहीं सलाद और फल के पोषक तत्व भी कम होने लगते हैं। सीमित मात्रा में नमक का सेवन ही काफी नहीं है,उसे किस तरीके से खाया जाना चाहिए, यह तरीका जानना भी उतना ही जरूरी है।





# सुकून चाहती हैं तो वर्क-लाइफ बैलेंस स्थापित करें

**अपने प्रोफेशनल जीवन में आप आगे बढ़ना चाहती हैं, नए मुकाम हासिल करना चाहती हैं। लेकिन इस बात पर भी ध्यान देना जरूरी है कि आपकी महत्वाकांक्षाएं कहीं आपके जीवन को प्रभावित तो नहीं कर रहीं। प्रोफेशनल लाइफ में आगे बढ़ने के साथ जिंदगी खुशगवार बनाए रखना बेहद जरूरी है, तभी आप वर्क-लाइफ बैलेंस स्थापित कर सकती हैं। कुछ बातें इस काम में आपकी मदद करेंगी**

## स्मार्ट तरीके से काम करें

अगर आप अपनी नींद के घंटे घटाकर काम कर रही हैं तो कोई उसकी हिमायत नहीं करेगा। अमेरिकी अकादमी से संबद्ध मैट माइट अपने ब्लॉग वर्कलाइफ बैलेंस में कहते हैं, 'आजकल लोग अपने दिमाग को ज्यादा काम करने और कम सोने के लिए अड्टयस्त बना रहे हैं, लेकिन यह चलन सही नहीं है। आपके लिए काम के घंटे जितने महत्वपूर्ण हैं, काम के बाद का समय उतना ही मूल्यवान है।' मेंटल हेल्थ फाउंडेशन का सुझाव है कि काम ज्यादा नहीं, स्मार्ट होना चाहिए। इसके लिए वरीयता स्पष्ट होनी चाहिए और हर काम के लिए समय तय होना चाहिए। गैर जरूरी चीजों में नहीं उलझना चाहिए।

## काम को घर न लाएं

ऑफिस से बाहर निकलने से पहले उन कामों की सूची बना लें, जो पूरे नहीं हो पाए। लेकिन काम की लिस्ट बनाने के बाद खुद को पूरी तरह ऑफिस के काम से आजाद कर लें। यही सोचें कि आप शाम को घर पर परिवार के साथ क्या करने जा रही हैं। अगर आप मानसिक तौर पर ऑफिस में ही फंसी हुई हैं तो एक गहरी सांस लें और इस बात का अहसास करें कि आप ऑफिस से बाहर आ गई हैं। इससे आपका मन शांत और स्थिर रहेगा।

## ना कहना सीखें

अगर आप काम के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगी, तो स्वाड्टाविक रूप से आप पर काम का बोझ बढ़ जाएगा। अगर आप आदतन काम के लिए हां कह देती हैं तो कुछ अतिरिक्त काम मिलने पर तुरंत हां कहने से पहले थोड़ा ठहर जाएं। आप कुछ देर बाद उस पर जवाब देने के लिए कह सकती हैं और इस दौरान इस बात पर विचार कर सकती हैं कि आपको हां कहना चाहिए या नहीं। अगर हां कहना चाहती हैं, तो अच्छी बात है लेकिन अगर ना कहने की इच्छा है, तो ना ही कहें और अपनी प्रतिक्रिया देने से पहले स्वयं कई बार ना बोलने का अड्टयास करें।

## काम के लिए 'शहीद' होने की जरूरत नहीं

कुछ महिलाओं में यह प्रवृति होती है कि वे सब काम खुद ही कर लेना चाहती हैं। उन्हें इस भाव में जीना अच्छा लगता है कि वे व्यस्त हैं और उनके बारे में ज्यादा चर्चा होती है। इस बात को गंभीरता से सोचने की जरूरत है कि इससे दूसरे लोगों पर क्या प्रभाव पड़ रहा होगा। ज्यादातर लोग अत्यधिक काम यह सोचकर ले लेते हैं कि इससे दूसरों की नजर में उनका सम्मान बढ़ जाएगा। इस प्रवृति के साथ आपके सिर कितना बोझ बढ़ जाएगा, अगर आप इस बात पर विचार करें तो शायद आप ऐसा व्यवहार नहीं करेंगी।

## हर वक्त आपाधापी अच्छी नहीं

चाहे ऑफिस हो, जिम हो या कोई पार्टी हो, क्या आप हर जगह दौड़ते-ड्टागते पहुंचती हैं आपको इस बात पर निगरानी रखने की जरूरत है। आपको खुद से यह पूछने की जरूरत है कि आपकी जिंदगी कैसी चल रही है। असल में जल्दबाजी करने वाले लोग एक चीज खत्म होने पर दूसरी चीज के लिए हड़बड़ी करने लगते हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में आप अपने दोस्तों और अपने परिवार वालों के लिए समय कैसे निकालेंगी आपाधापी में थकान होना ड्टी स्वाड्टाविक है, इसीलिए हर वक्त भागमभाग से बचें।


## रिटायरमेंट के बारे में सोचें

कुछ महिलाएं काम में इस कदर डूब जाती हैं कि उन्हें उसी में आनंद मिलता है। अगर आप पूरा वक्त काम में ही दे देंगी तो किसी बुरे हालात में फंस जाने मसलन, जॉब न कर पाने की स्थिति खड़ी हो जाने, जॉब छूटने या व्यवसाय नहीं चल पाने पर आप खुद को कैसे संभालेंगी और इनसे इतर रिटायरमेंट के बाद आप समय किस तरह बिताएंगी, क्या आपने इस बारे में सोचा है अगर रिटायरमेंट के बाद भी आप थोड़ा-बहुत काम करें तो आपके लिए अच्छा है, लेकिन आपको अपने कुछ और शौकों को पूरा करने के बारे में भी सोचना चाहिए ताकि रिटायरमेंट के बाद भी आप सक्रिय रह सकें।



# मुख्यमंत्री जी आप कुछ करें: तबला रिकार्ड की भूख में आयोजकों ने बच्चों को भूखा प्यासा रखा

ग्वालियर। ग्वालियर में आज मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग एवं उस्ताद अलाउददीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा आयोजित दो दिवसीय ताल दरबार कार्यक्रम में आज उस समय अव्यवस्था दिखाई दी जब स्थानीय बच्चों को दोपहर साढे बारह बजे से बुलाकर शाम साढे सात बजे तक बच्चों तथा उसके साथ आये अविभावकों को कडाके की ठंड में भूखा प्यासा रहने को मजबूर कर दिया। हालांकि बच्चों ने अपना तबला बजाकर रिकार्ड तो हासिल कर लिया लेकिन बच्चे तथा उनके साथ आए गुरूजी और अविभावक भूखे प्यासे तडपते रहे। मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग अर उस्ताद अलाउददीन खां संगीत एवं कला अकादमी ने तानसेन समारोह के 99 वां वर्ष पूर्ण होने पर 1500 से अधिक तबला वादन करवाने का लक्ष्य बनाया । इसके लिए ग्वालियर दुर्ग के कर्ण महल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उधर संस्कृति विभाग और उस्ताद अलाउददीन खां संगीत एवं कला अकादमी ने सिर्फ रिकार्ड बनाने की भूख ने बच्चों और उनके साथ आए गुरूजी और अविभावकों को अपने रिकार्ड को लेकर उन्हें भूखा प्यासा तडपने को मजबूर कर दिया। उधर स्थानीय बच्चों और उनके साथ गये गुरूजी और अविभावकों ने बताया कि उन्हें लगभग साढे बारह बजे किले पर बुलाया गया था। लेकिन आयोजकों द्वारा ना तो बच्चों की तरफ ध्यान दिया और ना ही उनके साथ आए गुरूजी और अविभावकों की सुध ली। आयोजक सिर्फ अपने रिकार्ड की भूख मिटाने तथा मुख्यमंत्री को अपना चेहरा दिखाने में लगे रहे। आयोजकों ने स्थानीय बच्चों और उनके साथ आए गुरूजी और अविभावकों की पूछ परख तक नहीं की। कुछ बच्चों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि उन्होंने वहां पर तैनात वालंटियरों से नाश्ते और पानी के बारे में काफी समय होने पर पूछा भी ,



वालंटियर भी नाश्ता आने की बातें तो करते रहे , लेकिन वहं स्वयं कोई संज्ञान नहीं ले सके कि कहां से नाश्ता आयेगा और पानी कहां से। इस अव्यवस्था का शिकार बच्चों , गुरूजी और उनके साथ किले पर पहुंचे अविभावकों को होना पडा। उधर इस बारे में मप्र संस्कृति विभाग के संचालक अदिति कुमार त्रिपाठी से जब पूछा गया कि क्या बच्चों को नाश्ता और पानी दिया गया तो उनका कहना था कि यह कार्य स्थानीय प्रशासन को करना था उन्हें हालांकि इसकी जानकारी नहीं है लेकिन कार्यक्रम अच्छा हुआ और सभी को उचित सम्मान मिला है। उधर मप्र उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पूरन सिंह भदौरिया ने पूरे मामले में छोटे छोटे बच्चों से नाश्ता पानी नहीं मिलने उचित देखभाल नहीं करने पर संचालक त्रिपाठी से फोन पर बात कर मामले में संज्ञान लेकर पूरा मामले में लापरवाही करने वाले अधिकारियों को न्यायालय में ले जाने की बात भी कही।

हालांकि तबले का रिकार्ड मप्र में बन गया और बच्चे गुरूजी और अविभावक भूखे प्यासे रहे । इसके लिए संस्कृति विभाग किला गुरूद्वारा प्रबंधन , स्थानीय प्रशासन को उनकी व्यवस्था करने के लिए कोसता रहा और अपनी नाकामी छुपाने का प्रयास करता नजर आया। जबकि गुरूद्वारा प्रबंधन ने बाहर से आये बच्चों को अपने यहां ठहराने की व्यवस्था भी कर दी थी।

इधर इस पूरे घटनाक्रम पर बच्चे बेहद क्षुब्ध थे। उन्हें पानी भी उपलब्ध नहीं कराया गया, केवल पानी के टेंकर लगा दिये गये थे। बच्चे भी गुरूद्वारे से भारी भरकम तबला उठाकर कर्ण महल जो काफी दूर था , वहां पैदल पहुंचे। वहां उनके नाश्ते -खाने व सायंकाल की चाय तक भी नहीं थी।

राजावत परिवार के परम पूज्नीय स्व श्री कोक सिंह राजावत जी

## स्वामी विवेकानंद जी महाराज की पुण्यतिथि पर निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर सम्पन्न





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर।जिला स्वास्थ्य समिति डॉ मुदगल्स स्पर्श हॉस्पिटल फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर ब्रांच एबं गूँज 90.8 एफ एम के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन दीनदयाल नगर स्तिथ चावला मार्केट अनन्या होमयोपैतिक क्लिनिक पर किया किया गया . शीविर में सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज निशुल्क किया गया शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष चौहान समान्य रोग विशेषज्ञ डॉ प्रताप चौहान डॉ मुदगल्स स्पर्श हॉस्पिटल की डायरेक्टर कोस्मोलॉजीस्ट डॉ स्वाति तिवारी मुदगल, मूत्र रोग एबं किडनी रोग विशेषज्ञ,डॉ अनवेश परमार डॉ मुकेश चुग हड्डी एबं जोड़ रोग विशेषण ,डॉ प्रबल प्रताप सिंह दंत रोग विशेषज्ञ, स्त्री एबं प्रसूती रोग विशेषज्ञ स्त्री एबं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ गरिमा यादव, डॉ अभय जैन, डॉ रविन्द्र सिंह कुशवाह होम्योपेतिक विशेषज्ञ डॉ पावन सोनी नेत्र रोग विशेषज्ञ , डॉ सत्यपाल परिहार बाल एबं शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ कौशलेन्द्र सिंह जी अपनी सेवाएं दीं शिविर में मुख्य् अतिथि के रुप में ग्वालियर 16 विधायक डॉ सतीश सिकरवार जी उपस्थित थे विशेष अथिति के रुप में मुख्य चिकित्सा एबं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के राजोरिया जी रणवीर सिकरवार जी क्षेत्रीय पार्षद रेखा त्रिपाठी जी श्री सुरेन्द्र सिंह राजावत जी श्री विशाम्बर सिंह राजावत श्री मोहन राजावत जी डॉ मनोज राजोरिया जी रामप्रकाश परमार जी.. भवर सिंह जादौन जी भूपेंद्र तोमर जी धर्मेन्द्र सिंह पुनीत सिंह गूँज ग्रुप की डायरेक्टर कृति सिंह एफ पी आई की युवा रास्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य आकरती परमार फेरना सिंह कुशवाह कुशद्वाज सिंह जितेंद्र सिंह अच्छेद्र सिंह एबं साक्षी तोमर कल्याण सिंह हेमंत कुशवाह आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम में कुल 300 मरीजों का परिक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की यह जानकारी श्री अच्छेद्र सिंह कुशवाह द्वारा दी गयी..शीविर के अंत में चिकित्सकों का सम्मान भी किया गया..

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी विराट व्यक्तित्व के धनी थे : सीएम यादव

**ग्वालियर** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक विराट व्यक्तित्व के धनी थे। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष ने उन्हें हमेशा उन्हें पूरा सम्मान दिया। उनके प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान अनेकों ऐतिहासिक कार्य हुए। सफल परमाणु परीक्षण भी उनके कार्यकाल की देन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को भारत रत्न एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर ग्वालियर में आयोजित ग्वालियर गौरव दिवस के कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा शहर के हृदय स्थल महाराज बा? पर आयोजित ग्वालियर गौरव दिवस के कार्यक्रम के दौरान 200 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित होने वाले अटल स्मारक का भूमिपूजन कर स्मारक के मॉडल का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक विराट व्यक्तित्व के धनी थे। उन्हें सत्ता पक्ष एवं विपक्ष द्वारा हमेशा पूरा मान ङ्क



सम्मान दिया जाता था। डॉ. यादव ने कहा कि भारत रत्न अटलजी का उज्जैन एवं ब?ानगर से भी नाता रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम अटलजी की जयंती पर ग्वालियर का गौरव दिवस कार्यक्रम के आयोजन पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और यह हमारा सौभाग्य है कि अटल जी ग्वालियर की पावन धरती से थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी के जन्मदिवस को प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी सभी को साथ लेकर चलते थे। उन्होंने कभी भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज अटलजी की जयंती पर 200 करो? रूपए की लागत से अटल स्मारक का जो शिलान्यास किया गया है उससे विकास के नए ङ्क नए आयाम भी जु?ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौरव दिवस मनाए जाने की परंपरा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा शुरू की गई थी। जिसके तहत आज ग्वालियर में ग्वालियर गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के शुरू में अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, ग्रामीण अध्यक्ष कौशल शर्मा, विधायक मोहन सिंह राठौर आदि उपस्थित थे।

**कलाकारों का हुआ सम्मान** -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर गौरव दिवस कार्यक्रम में विभिन्न विभूतियों का सम्मान भी किया। जिनमें सर गंगाराम हॉस्पिटल नईदिल्ली में सेवाएँ दे रहे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मुकुन्द खेतान, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिला?ी एवं कोच शिवेन्द्र सिंह राठौर, शिक्षाविद एवं साहित्यकार जगदीश तोमर, ग्वालियर सांगीतिक घराने के प्रख्यात शास्त्रीय गायक उमेश कंपू वाले एवं स्वर्ग सदन संस्था के विकास गोस्वामी शामिल हैं।

**कलाकारों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति** - ग्वालियर गौरव दिवस समारोह में देश की सुविख्यात गायिका सुश्री मैथली ठाकुर एवं उनके सहयोगी कलाकारों द्वारा भजन एवं लोकगीतों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची विभिन् ग्राम पंचायतों में

## यात्रा के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवित





**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची। यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन व चयन भी किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रचार प्रसार हेतु वीडियो वैन में आडियो, वीडियो, ब्रोसर आदि सामग्री उपलब्ध है। यात्रा के दौरान विभागीय स्टालों में योजनाओं की जानकारी देने व हितलाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। शिविरों में निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था करायी गयी है। जनपद पंचायत त्योंथर के ग?ी, ढोकिया एवं कैथीपचकथा, जनपद पंचायत मऊगंज के सरई सेंगर में, जनपद पंचायत सिरमौर के सधना, सुरवार एवं राजग? में, जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के नवागांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। सरई सेंगर में आयोजित विकास यात्रा में विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है।

इसी तरह शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत , पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उज्ज्वला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधौसंरचना आदि का यात्रा के दौरान लाभ हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478